सर्वश्रेष्ठ प्रेरणादायक वचनों का संग्रह

# 1000 बात की 1 बात

राघव अरोड़ा

सर्वश्रेष्ठ प्रेरणादायक वचनों का संग्रह

# 1000 बात की 1 बात

राघव अरोड़ा

# 1000 बात
# की
# 1 बात

**प्रिय मित्र,**

जी हाँ, ये संकलन है ऐसे प्रेरणादायी वाक्यों का, जिसमें जीवन के खट्टे मीठे अनुभवों का निचोड़ छिपा है, जहाँ आपको परिस्थितिओं से हारने नहीं, बल्कि चुनौतियों का सामना करने में मार्गदर्शन मिलेगा और इन्ही उत्साहित करने वाले वचनों से आपको जानने को मिलेंगे ऐसे सबक, जो हर मौके पर आपके लिए सहायक सिद्ध होंगे।

ये मोटिवेशनल कोट्स जीवन के अनुभवों का सार है, और सबसे अच्छी बात ये है कि लोगों के अनुभवों से आपको सीखने को मिलता है तो आपको उन तकलीफों से नहीं गुजरना पड़ता, आपको उन के सिर्फ मोरल ऑफ़ द स्टोरी ही जानने को इस पुस्तक में मिलेगा. यानी 100 बात की 1 बात , आपको अलग अलग घटनाओं से न गुजरते हुए सिर्फ उनके निचोड़ से ही खुद के जीवन की राह आसान करनी है और इस पुस्तक के माध्यम से आप अपनी जीवन की राह सुगम कर सकते हैं

मैं अपनी यह पुस्तक स्वर्गीय श्री परमानंद गाबा (दादाजी), स्वर्गीय शान्ति देवी (दादी जी), स्वर्गीय श्रीमती अनुराधा रानी अरोड़ा (माता जी), स्वर्गीय शैलेंद्र शंकर अरोड़ा(बड़े भाई) एवं अपने पिताजी स्वर्गीय श्री निरंजन दास अरोड़ा को समर्पित करता हूं। इन सब की बदौलत ही मैं जो कुछ भी कर पा रहा हूं, वह कर पा रहा हूं। ये सभी मेरी जिंदगी का एक अटूट हिस्सा हैं और मेरे प्रेरणास्रोत हैं।

**यह पुस्तक आपको जीवन में आगे बढ़ने में सहायक सिद्ध हो, ऐसी मेरी आशा है|**

सुखद भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं

राघव अरोड़ा

मुझे बताओगे तो मैं भूल जाऊंगा। मुझे दिखाओगे, तो मुझे याद रहेगा मुझे शामिल कर लोगे तो मैं सीख लूंगा।

लोहे की छड़ जमीन पर यूं ही पडी रहे, तो वह सुई में तब्दील हो जाती है।

हम हमेशा यह नहीं कह सकते कि हर गलती किसी बेवकूफी का परिणाम है।

यदि आप असफल हो रहे हैं, तो यकीन मानिए कुदरत आपको बड़ी सफलता अर्जित करवाना चाहती है।

यदि कोई बेटा शिक्षित नहीं है, तो इसके लिए उसके पिता को ही दोष दिया जा सकता है।

जो घर में रहता है, वह बेहतर जानता है कि छत कहां से टपकती है।

जो अपने दुश्मनों के साथ सहमत नहीं होता, वह उनके द्वारा नियंत्रित होता है।

वह नांव, जो किनारे पर बांधी नहीं जाती, वह लहरों के साथ बह जाती है।

जब तक नदी को पार ना कर लो, तब तक मगरमच्छ को अपमानित ना करो।

आप जहां पर भी हैं वहीं से शुरुआत कीजिए।
आपके पास जो भी उपलब्ध है उसका उपयोग कीजिए।
जो कुछ भी आप कर सकते हैं वह कीजिए।

ठंडी चाय और ठंडे चावल बर्दाश्त किए जा सकते हैं लेकिन रूखा और ठंडा व्यवहार तथा कड़वे शब्द बर्दाश्त नहीं किये जाते।

ईश्वर से प्रार्थना अवश्य कीजिए लेकिन पतवार चलाना ना छोड़िए।

यदि आप खुद को भरना चाहते हैं तो सबसे पहले खुद को खाली कीजिए।

उपयुक्त लोगों के साथ गहरी बातचीत अनमोल है।

यदि आप अपने दिमाग पर नियंत्रण नहीं करोगे तो कोई दूसरा करेगा।

जिंदगी में जब भी आप सभी चीजों की जिम्मेदारी ले लेते हैं, उसी वक्त आप में यह ताकत आ जाती है कि आप जिंदगी को बदल सकते हैं।

जीवन की सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम बहुत जल्दी बूढ़े हो जाते हैं और बहुत देरी से समझदार होते हैं।

जब कोई भला व्यक्ति अपना धैर्य खो देता है तो शैतान की रूह भी कांप जाती है।

आने वाला कल उन्हीं का है, जो दूर दृष्टि रखते हैं।

अगर आप खुद पर विजय पाने में कामयाब हो जाते हैं तो आप दुनिया पर भी विजय पा सकते हैं।

एक बुद्धिमान व्यक्ति उससे कहीं अधिक अवसर निर्मित कर लेता है, जितने अवसर उसे मिलते हैं।

थोड़ी सी जल्दबाजी भी पूरी योजना का सत्यानाश कर सकती है।।

सिर्फ बोलने से ही चावल नहीं पकते।

जो आदमी जिंदगी में छोटे झटके बर्दाश्त नहीं कर सकता, वह बड़ी सफलताएं अर्जित नहीं कर सकता।

धीरे चलने से घबराने की जरूरत नहीं है। घबराने की जरूरत है, यदि आप एक ही स्थान पर खड़े रहते हैं तो।

एक ऐसा हीरा जिसमें दाग हैं, उस पत्थर से बेहतर है जो बिल्कुल साफ है।

अंधेरे को कोसने से बेहतर है कि मोमबत्ती जला ली जाए।

एक इंसान उस वक्त सबसे अधिक थका हुआ महसूस करता है, जब वह एक ही स्थान पर खड़ा रहता है और तरक्की नहीं करता।

आपको एक कुआं  खोद लेना चाहिए इससे पहले कि आप को प्यास लगे।

आप सब को खुश नहीं कर सकते और अगर आप ऐसी कोई कोशिश कर रहे हैं तो आप की हार निश्चित है।

आप की सफलताएं, उपलब्धियां कोई मायने नहीं रखती क्योंकि जब आप मृत्यु शैया पर होते हैं तो उस वक्त आप अपनी सुनहरी यादें  ही मायने रखती  हैं।

बाहरी दुनिया से आप जितना भी अधिक खुशी पाने की कोशिश करोगे, उतनी ही निराशा आपको हाथ लगेगी। क्योंकि खुशी कभी भी बाहरी दुनिया में नहीं मिलती, यह आपको खुद के भीतर झांकने से ही मिलेगी।

आपकी मृत्यु निश्चित है और आपको भी यह मालूम नहीं कि किस पल आप दुनिया छोड़ दें। इसीलिए आप जो भी इच्छा रखते हैं उसे अभी और आज ही पूरा करने की कोशिश करें।

आपको जो योग्यता ईश्वर ने दी है, उसे अपने पूरे प्रयत्न करके दुनिया के सामने लाने की कोशिश करें।

ज्ञान हमेशा आपके साथ रहता है।

अनुभव कभी खरीदा नहीं जा सकता।

जब भी आप असफल हो जाएं, दोबारा अवश्य प्रयास करें।

सपने देखना ना छोड़ें, क्योंकि जो लोग सपने नहीं देखते, वे जीवन का आनंद नहीं उठा सकते।

अगर आप परिस्थितियों से खुश नहीं हैं, तो या तो सच्चाई को देखें। अब या तो इस स्थिति को बदलने के लिए आप कुछ कर सकते हैं या इसे स्वीकार कर सकते हैं। परिस्थितियों को देखकर रोने से कुछ होने वाला नहीं है।

लोगों के बारे में उस वक्त राय कायम करें जब आप उनसे खुद मिलकर देखें। दूसरों के कहने से किसी के बारे में अपनी राय न कायम करें।

यदि आपने कोई गलती की है , तो उसे स्वीकार करने में हिचकिचाये नहीं। क्योंकि लोग उस व्यक्ति का अंततः आदर ही करते हैं, जो ऐसी स्थिति में ईमानदारी दर्शाता है।

जब आप किसी चीज को पाना चाहते हैं तो उसके लिए पूरी शिद्दत के साथ प्रयास कीजिए इसके लिए कोई बीच का रास्ता कभी न अपनाएं।

जो बीत चुका है, उस पर बहुत अधिक सोचने से कुछ हासिल होने वाला नहीं है, ये याद रखना।

नए लोगों से मुलाकात करने का कोई भी अवसर ना छोड़ें। यह दुनिया अद्भुत लोगों से भरी हुई है।

आपको खुद आपके ही सिवा कोई भी तरक्की के रास्ते पर नहीं ले जाने वाला।

दुनिया में कुछ भी स्थाई नहीं है। यहां तक कि मुसीबतें और परेशानियां भी।

जाने देना इतना सरल तो नहीं होता, लेकिन जरूरी होता है।

कभी भी उम्मीद का दामन ना छोड़ें। कोई नहीं जानता कि आपके लिए अगली सुबह क्या अच्छा होने वाला है।

बेशक जिंदगी बहुत कठोर है लेकिन वैसे ही आप भी तो हैं।

यह सोचना छोड़ दें कि क्या गलत होने वाला है। बल्कि इस चीज पर ध्यान केंद्रित करें कि क्या बढ़िया होने वाला है।

आप चुपचाप मेहनत करते रहें। जब आपको सफलता मिलेगी, तो उसका शोर खुद-ब-खुद सब को सुनाई दे जाएगा।

जाने दो और कोशिश करनी ही छोड़ दो, इन दोनों में फर्क करना सीखो।

यह भूल जाओ कि आप को किस ने चोट दी, लेकिन उससे मिला हुआ सबक न भूलो।

जाने दो शब्द यह बताते हैं कि कुछ ऐसे लोग भी हमारी जिंदगी में होते हैं ,जो हमारे जीवन का इतिहास तो हो सकते हैं लेकिन हमारे मुकद्दर का हिस्सा नहीं।

जिंदगी मैं उन लोगों की बात जरूर सुनें, जो आपको कड़वे सच बताने की हिम्मत करते हैं।

आपको कई लोग पसंद नहीं करते, लेकिन ऐसा भी नहीं है कि आपको कोई भी पसंद नहीं करता।

जैसा आपने सोचा था, वैसा ही हमेशा हो, ऐसा कोई जरूरी तो नहीं।

आपके विचार ऐसे हीरे हैं जिन्हें तराशने की जरूरत है। बिना तराशे हुए ये केवल पत्थर के समान है, लेकिन जब इन्हें तराश दिया जाता है तो ये अनमोल हो जाते हैं।

जी हां, सफलता के बारे में पहले से घोषणा की जा सकती है।

एक चैंपियन बनने के लिए आपको खुद में विश्वास करने की जरूरत है। उस वक्त, जबकि आप पर कोई भी विश्वास नहीं करता।

समय,धैर्य और दृढ़ता से सभी काम सफलतापूर्वक किए जा सकते हैं।

मेरे बारे में लोगों का पूर्वानुमान अलग-अलग हो सकता है लेकिन मुझे अपना मुकद्दर खुद ही लिखना है।

जो बीत चुका है, उसे वैसे ही स्वीकार करना सीखो। जो वर्तमान है, उसमें जीना सीखो और भविष्य के बारे में अनुमान लगा कर उसके लिए आज ही काम करना शुरू करो।

एक विजेता बनने के लिए आपको सिर्फ अपना सब कुछ झोंक देना होगा।

सफल लोग इसलिए सफल होते हैं, क्योंकि वे हर पल, हर क्षण अपनी सफलता के ही बारे में सोचते हैं।और उस पर काम करते हैं।

यदि हमें ऐसे परिणाम प्राप्त करने हैं, जैसे पहले किसी ने प्राप्त नहीं किए, तो हमें ऐसे काम करने होंगे, जो आज तक किसी ने नहीं किए।

मैंने 99 बार कोशिश की और नाकामयाब हुआ, लेकिन 100 वीं बार तो मुझे सफलता मिलेगी ही।

सफलता,योग्यता से बढ़कर आपके रवैए पर निर्भर करती है।

हमारा दिमाग ईश्वर का दिया हुआ सबसे बेहतरीन तोहफा है। हम इसे किस प्रकार से विकसित और प्रशिक्षित करते हैं, किस प्रकार से इसे काम में लेते हैं, इसी से हमारे जीवन की गुणवत्ता प्रतिबिंबित होती है।

जो बीत चुका है उसे भूल जाइए। भविष्य में ही आशा है उसके लिए काम कीजिए। आज से, अभी से।

काम करने का बेहतर तरीका हमेशा मौजूद रहता है।

जब आप किसी काम को करने की ठान लेते हैं, अपना लक्ष्य निर्धारित कर लेते हैं, तो सिर्फ और सिर्फ उसी को केंद्रित करके अपने प्रयास शुरू कर दीजिए। फिर दाएं और बाएं देखने की जरूरत नहीं है सिर्फ उसी लक्ष्य की ओर ही ध्यान बनाए रखें।

सोते वक्त ईश्वर को हमेशा धन्यवाद दें और कहें कि मैं कल इसके लिए फिर से बेहतर कोशिश करूंगा।

जिंदगी में सभी दोस्त हमेशा बने रहें, ऐसा जरूरी नहीं है। लेकिन जो आपकी दोस्ती की कद्र करते हैं, उनसे जरूर निभाएं।

जीवन में छोटी-छोटी चीजों का भी आनंद उठाएं। जिंदा रहने के लिए काम ना करें। काम को जिंदादिली से करें।

विद्यालय से बाहर की दुनिया बहुत कठोर है । इसलिए अपनी कक्षा से बाहर की दुनिया से ज्यादा सीखने की कोशिश करें।

जिंदगी ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसे सुलझाया जाए बल्कि यह वह सच्चाई है जिसे अनुभव किया जाना चाहिए।

जिंदगी का सार प्रगति में है। यदि आप प्रगति करना रुक जाते हैं चाहे वह आध्यात्मिक हो या फिर भौतिक, तो आप जीवित नहीं है।

जीवन ईश्वर का दिया हुआ एक उपहार है, इसे आप व्यर्थ ना गवाएं।

अगर आप ऐसा कोई जरिया नहीं बनाते,जिसमें आप सोने के वक़्त भी पैसा कमा रहे हैं तो आप जब तक खत्म नहीं हो जाएंगे, तब तक  काम ही करते रहेंगे।

सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता प्रदान करना, बिजनेस का सबसे बेहतरीन उसूल है।

सौ प्रतिशत ग्राहक और उपभोक्ता लोग हैं। सौ प्रतिशत कर्मचारी लोग हैं। यदि आप लोगों को नहीं समझ सकते, तो आप बिजनेस को नहीं समझ सकते।

अवसर का इंतजार ना करो, अवसर को खुद निर्मित करो।

यदि आप अपने शुरुआती जिंदगी में नपे तुले जोखिम नहीं उठाते और कड़ी मेहनत नहीं करते तो आप की बाद की जिंदगी बर्बाद हो सकती है।

अपने दोस्तों व परिजनों आदि की सलाह लेकर आप भ्रमित ना हों और अपना कैरियर खुद ब खुद अपनी रुचि के अनुसार चुनें।

कभी भी पैसे के लिए काम नहीं करें, काम वह करें जिसके लिए आप जुनून रखते हैं।

हर चीज के बारे में शिकायत करते रहना समस्याओं का हल नहीं है । बजाए शिकायत करने के समस्याओं का हल ढूंढने की कोशिश करें।

इस दुनिया में एक इंसान ही ऐसा जीव है, जो खुद के व्यक्तित्व को बदलने की कोशिश करता है।

प्रगति की सीढ़ियों पर चढ़ने में ज्यादा दिक्कत नहीं है,ज्यादा दिक्कत है नीचे की सीढ़ियों पर खड़े लोगों से जीत कर ऊपर चढ़ना।

किसी भी इंसान के 2 नाम होते हैं। पहला नाम, जो उसे जन्म के समय दिया जाता है और दूसरा नाम, जो वह खुद कमाता है।

कभी-कभी विजेता वे लोग ही होते हैं, जो सपने तो देखते हैं आम लोगों की तरह ही। लेकिन कभी इनके लिए प्रयास करना नहीं छोड़ते।

यदि आपको पहले प्रयास में सफलता नहीं मिलती है,तो निराश मत होइए, हताश मत होइए। बस, अपने कपड़ों से धूल हटाकर दोबारा से जीत की तैयारी शुरू कर दीजिए।

आप वही बनते हैं, जो आप निरंतर करते रहते हैं। असल में महान होना या श्रेष्ठ बनना, कोई काम नहीं है, बल्कि एक आदत है।

जब आप अपने सपनों को अपने डर से बड़ा कर लेंगे और उसके लिए ही काम करेंगे, तो आप विजेता अवश्य बन जाएंगे।

उम्मीद  सफलता की गारंटी नहीं देती। लेकिन कड़ी मेहनत सफलता की गारंटी देती है।

सफलता पाने के लिए मैंने सबसे महत्वपूर्ण चीज यह देखी है कि आप असफलता से कैसे उबरकर बाहर आते हैं। आपको असफलता को सहना तो आना चाहिए ही, लेकिन सफलता के लिए फिर से प्रयास शुरू करने भी आना चाहिए।

सपनों को साकार होते हुए देखने के लिए सबसे पहले इन सपनों पर विश्वास करना जरूरी है।

शानदार सफलता पाने के लिए सबसे पहले उसके लिए जबरदस्त योजना बनानी भी जरूरी है।

या तो मैं रास्ता ढूंढ लूंगा और कोई रास्ता नहीं है, तो मैं नया रास्ता बना लूंगा।

सफलताओं का रहस्य इसमें छिपा है कि आप अपने दर्द और खुशियों को सफलता पाने के लिए कैसे उपयोग में लाते हैं। ना कि अपने दर्द और खुशियों को खुद पर हावी होने देते हैं। अगर आप ऐसा कर पाने में सफल हैं,तो आप अपने जीवन पर नियंत्रण पा सकते हैं अन्यथा ये परिस्थितियां आपके जीवन को नियंत्रित करेंगे।

पैसे से खुशियां खरीदी तो नहीं जा सकती, लेकिन पैसा बिल अदा करने के काम तो आता ही है।

चीजें नहीं बदलती,  हम खुद बदलते हैं।

आप मांगें, तो आपको मिल जाएगा। आप ढूंढेंगे तो आप खोज निकालेंगे। आप दस्तक दीजिए, तो सारे दरवाजे आपके लिए खुल जाएंगे।

जरा जोखिम लीजिए। बस, अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलिए।

खुद पर संशय कर के खुद को ही पीछे न धकेलते रहिए।

उत्साह से ही काम का क्रियान्वन होता है और काम बनते हैं।

जितना लोग आपसे उम्मीद करते हैं, उससे कहीं ऊंचा स्तर बनाकर रखें।

ज्ञान से भी ज्यादा जरूरी है, कल्पनाशक्ति।

मैं सोचता हूं,इसीलिए मैं हूं।

अपनी योग्यता को पहचान कर, उसके अनुसार अगर हम सभी काम कर लें, तो हम खुद ही आश्चर्यचकित हो जाएंगे।

इंसान की सोचने की क्षमता का ही नतीजा, उसके द्वारा अर्जित संपत्ति होती है।

दुनिया में इतिहास केवल मुट्ठी भर लोगों ने ही रचा है। यह वे लोग हैं, जिन्होंने खुद पर भरोसा रखा। और खुद पर भरोसा रखने से ही वे असंभव दिखने वाले काम भी कर गुजरे। आप भी उन्हीं की तरह कुछ भी करने में सक्षम है।

यदि अपनी सफलता को सुनिश्चित करना चाहते हैं, तो शेर का जिगर रखो और  गिद्ध जैसी नजर।

सफल होने के लिए सबसे पहले आपको यह तय करना होगा कि आप क्या पाना चाहते हैं। और फिर यह दृढ़ निश्चय कर लेना, कि उसके लिए आप कुछ भी कीमत चुकाने के लिए तैयार हैं।

हमारे सपनों की कोई सीमा नहीं है, ये असीम हैं। अनंत है।

बस आप यकीन कीजिए और चमत्कार खुद-ब-खुद होते चले जाएंगे।

सफलता वह नहीं है जो आपने जिंदगी में अर्जित की है। बल्कि उन बाधाओं को पार करना है, जो इस रास्ते में आई थी।

हमारे इरादे ही हमारी जिंदगी की तस्वीर बनाते हैं।

बाहर क्या चल रहा है, इस पर तो हमारा बहुत नियंत्रण नहीं है। लेकिन हमारे भीतर क्या चल रहा है इस पर हमारा पूरा नियंत्रण होना चाहिए।

लोगों के पास हजारों ऐसे बहाने होते हैं, जो यह बयान करते हैं कि  वे कोई काम क्यों नहीं कर पाए। और मैं कहता हूं कि उनके पास कुछ कर गुजरने के लिए सिर्फ एक मकसद होना चाहिए।

अगर आपको इस चीज का एहसास हो जाए कि आपके विचार कितने शक्तिशाली हैं तो आप निश्चित तौर पर नकारात्मक सोचना छोड़ ही देंगे।

हकीकत में दो ही ऐसी चीजें हैं, जो हमें ज्यादा समझदार बनाती हैं। पहली है किताबें और दूसरा हमारे संपर्क में आने वाले लोग।

अनुभव हमें यह बताता है कि हमें क्या करना चाहिए और हमारा यकीन इस बात के लिए इजाजत देता है।

आप जो भी चीज चाहते हैं, वह डर के दूसरी और मिल जाएगी।

अगर आप वे सब काम, जो कि सफल लोगों ने पूर्व में किए हैं,पूरे दृढ़ निश्चय और निरंतरता के साथ करेंगे, तो दुनिया में ऐसा कोई भी कारण नहीं है,जो आपको उनकी ही तरह सफल न बनाए।

जैसे जैसे आप अपने सपने साकार करने की कोशिशें बढ़ाते जाएंगे, वैसे वैसे आप की योग्यताएं भी उसी अनुरूप बढ़ती जाएंगी।

आप खुद से पूछिए,क्या मैं बदलाव लाने के लिए अब तैयार हूं।

अपने लक्ष्य को पाने के लिए निरंतर आगे बढ़ते रहिए क्योंकि सफलता पाना उन लोगों के लिए आसान है, जो प्रयत्न करना बीच में ही नहीं छोड़ते।

मुझे नहीं लगता कि आप की आय का और आपके व्यक्तिगत विकास का कोई सीधा संबंध है।

आपकी आदतों से ही आपके जीवन स्तर का पता चलता है।

बेशक आपको अपनी पुरानी भूलों से सीखने की जरूरत है, लेकिन अपनी पुरानी सफलताओं के ही भरोसे भी नहीं बैठे रहना चाहिए।

आप सभी नकारात्मक परिणामों को सुखद भविष्य में बदल सकते हैं, सिर्फ अपनी आदतें बदल कर।

अभी, इसी वक्त कोई ना कोई व्यक्ति, ऐसा कोई काम जरूर कर रहा होगा, जिसे पहले किसी व्यक्ति ने यह कह कर छोड़ दिया कि यह नहीं हो सकता।

अगर आपके पास लक्ष्य हैं , लेकिन टालमटोल की आदतें हैं, तो आपके पास असल में कुछ भी नहीं है। और यदि आपके पास लक्ष्य है और आप उस पर काम कर रहे हैं तो मान लीजिए आप सब कुछ हासिल करने वाले हैं।

एक शानदार इमारत बनने से पहले, सर्वप्रथम इसकी एक ब्लू प्रिंट नाम की योजना से शुरुआत होती है।

विजेताओं में और हारने वालों में सबसे बड़ा अंतर होता है कि विजेता हमेशा अपने लक्ष्य को पाने के लिए काम करते हैं।

यदि आपको कुछ अलग परिणाम चाहिए, तो आपको दुनिया से कुछ अलग करना तो पड़ेगा ही।

गुणवत्ता कोई काम नहीं है, बल्कि एक आदत है।

बिना क्रियान्वन के कोई आईडिया बिल्कुल ऐसा ही है,जैसे कि मार्क मेकग्यवायर बिना बैट के ही बेसबॉल खेल रहे हों।

अपनी आदतों में बदलाव की भी एक आदत बनाइए।

आपको इससे नहीं जाना जाता कि आप क्या सोचते हैं, आपकी क्या इच्छाएं हैं , या आप क्या पाना चाहते हैं बल्कि इस बात से आपको जाना जाता है कि आप वाकई में क्या करते हैं।

एक इंसान ही है, जिसमें यह ताकत है कि वह अपनी महत्वकांक्षाओं को, अपनी कल्पनाओं को, अपने सपनों को साकार रूप दे सकता है।

यदि मैं कोई सपना देख सकता हूं, तो मैं उसके लिए काम भी कर सकता हूं और अगर मैं उसके लिए काम कर सकता हूं, तो मैं उस सपने को साकार भी कर सकता हूं।

सफलता के मायने इस बात में छिपे हैं कि आप हमेशा अपना बेहतरीन करें। चाहे परिस्थितियां कितनी भी बुरी क्यों ना हो जाए।

वह व्यक्ति हारा हुआ नहीं, जो कि हार चुका है, बल्कि वह है, जो जीतना ही नहीं चाहता।

दुनिया के लिए आप केवल एक व्यक्ति हैं लेकिन किसी एक व्यक्ति के लिए आप उसकी पूरी दुनिया हैं।

अपने लक्ष्य की प्राप्ति करने के लिए आज सारे दिन में आपने क्या कदम उठाए।

सपने वे नहीं होते, जो आप सोते वक्त देखते हैं, बल्कि सपने वे होते हैं, जो आपको जगाए रखते हैं।

यदि हम हमेशा पीछे ही मुड़कर देखते रहेंगे, तो हम भविष्य की ओर देखकर कब चलेंगे।

आप सब कुछ हासिल तो नहीं कर सकते, लेकिन इसके लिए कोशिश तो की ही जा सकती है।

बस इस बात का भरोसा रखें कि आप सफल हो जाएंगे और आप यकीनन सफल हो जाएंगे।

जो लक्ष्य आप हासिल करना चाहते हैं, उसके लिए जब काम करना शुरू कर देते हैं, तो आप का डर ओझल हो जाता है।

जब आइडियाज पर काम किया जाता है, तो नए इतिहास लिखे जाते हैं।

राह में जितनी भी बढ़ी मुश्किलें आएंगी, उसके बाद पाई जाने वाली सफलता का स्वाद उतना ही अधिक होगा।

यदि हम दुनिया में कुछ बदलाव लाना चाहते हैं, तो हमें सबसे पहले खुद में बदलाव लाना होगा।

आप कहां जा रहे हैं। जहां आप पहुंचना चाहते हैं, उसके लिए आज आप क्या कर रहे हैं।

आप जो भी हैं, बस उसमें बेहतरीन बन जाए।

असल में असफलता वही है, जिससे हमें कुछ भी सीखने को ही नहीं मिलता।

सफलता हमारी पहले से की गई तैयारियों पर निर्भर करती है यदि हम पहले से कोई तैयारी नहीं करते, तो हमारा असफल होना तय है।

ठोकर खाने में और गिर जाने में फर्क होता है।

अच्छा और बुरा असल में कुछ भी नहीं होता।यह सिर्फ अपने अपने नजरिए का फर्क होता है।

बुद्धिमान लोग इसलिए बोलते हैं क्योंकि उनके पास कुछ बोलने के लिए होता है और मूर्ख लोग इसलिए बोलते हैं क्योंकि उन्हें कुछ ना कुछ बोलना होता है।

जिंदगी सरल  है लेकिन आसान नहीं है।

इन प्रश्नों का उत्तर आप खुद ही खोज सकते हैं और यह तय कर सकते हैं कि क्या आप तरक्की के रास्ते पर जा रहे या नहीं

क्या आप वह कर रहे हैं, जो वाकई आपको पसंद है।

आपने ऐसे कितने वायदे किए हैं, जिन्हें आज तक आपने पूरा किया।

आप जिसका ख्याल रखते हैं, क्या उसके लिए नियम व कायदे बदलने को भी तैयार

क्या आप ऐसे किसी व्यक्ति का नाम बता सकते हैं जो आपको 10 वर्ष पूर्व घृणा करता था, क्या आज यह चीज मायने रखती है।

यदि आज ही आपकी मृत्यु हो , तो आपके दिमाग में क्या क्या पछतावे रहेंगे।

अपने और लोगों में सबसे बड़ा अंतर आप क्या पाते हैं।

आप क्या वह कर रहे हैं , जो आप वाकई में करना चाहते हैं।

यदि दुनिया आज ही समाप्त हो जाने वाली है, तो आप क्या करने वाले हैं।

आप गलत दिशा में कितना ही आगे क्यों ना बढ़ चुके हों, वापस लौटने की गुंजाइश हमेशा बनी रहती है।

जब भी कोई शिष्य सीखने को तैयार होता है, तो उसके लिए कोई ना कोई  गुरु आ ही जाता है।और जब कोई शिष्य वास्तव में ही तैयार हो जाता है तो यह गुरु अदृश्य हो जाता है।

समय कभी भी जख्मों को नहीं भरता बल्कि यह इन जख्मों के दर्द के साथ जीना सिखा देता है।

हम हर सुबह जब जागते हैं तो मानो एक नया जन्म लेते हैं। हम जो आज करेंगे वह सबसे ज्यादा महत्व रखता है।

एक अच्छे इंसान बनें, बेशक । लेकिन लोगों को इसे साबित करने की कोई जरूरत नहीं है।

आत्म नियंत्रण के बिना सफलता कभी भी नहीं पाई जा सकती।

आप वापिस जाकर अपनी शुरुआत को नहीं बदल सकते। लेकिन आप अभी बदलाव ला सकते हैं और परिणाम बदल सकते हैं।

आज वह भविष्य है, जो आपने बीते हुए कल में बनाया था।

ऐसे सिरफिरे लोग, जो ये मानते हैं कि वे दुनिया को बदल सकते हैं , वास्तव में वे ही दुनिया बदलते हैं।

बिना कोई जोखिम उठाए भी क्या जिंदगी जी जाती है।

मैं उस वक्त खुद को सबसे अकेला पाता हूं, जब मैं गलत लोगों की संगति में होता हूं।

यदि आप बेहद गौर से और बारीकी से देखेंगे, तो आप पाएंगे कि आप हर किसी चीज से कुछ न कुछ सीखते ही हैं।

अगर यह अब भी आपके दिमाग में चल रहा है, तो यह तय मानिए कि यह जोखिम उठाने लायक तो है ही।

जब आप कड़ा अभ्यास करते हैं, तो उस वक्त आप ट्रॉफी जीत चुके होते हैं। लेकिन प्रतिस्पर्धा के वक्त उसे उठाना भर होता है, बस।

अगर आप कोई चीज बड़ी शिद्दत से करना चाहते हैं तो आप उसके लिए कोई ना कोई रास्ता ढूंढ ही लेंगे और अगर आप कुछ नहीं करना चाहते हैं, तो उसके लिए कोई ना कोई बहाना भी ढूंढ ही लेंगे।

केवल सफलता की कहानियां सुनना ही काफी नहीं है असफलताओं की कहानियां भी सुनना जरूरी है।

पूरे आत्मविश्वास के साथ कोई भी काम इस प्रकार शुरू करो कि आप उसे बेहतरीन तरीके से पूरा करके ही छोड़ेंगे और ऐसा करें भी।

यदि आप कोई नई चीज बेहतर तरीके से सीखना चाहते हैं, तो इसे दूसरों को सिखाएं।

अकेले रहकर चलना सबसे कठिन होता है। लेकिन ऐसे वक्त में ही अकेले चलकर आप सबसे ज्यादा मजबूत बनते हैं।

यदि आप एक बार कोई काम करना बीच में छोड़ देंगे तो आपको इसकी आदत हो जाएगी। ऐसा नहीं करें।

हमेशा इस चीज का भरोसा रखें, कि जिंदगी में कुछ ना कुछ बेहतरीन होने वाला है।

गलत तो गलत ही है। चाहे सभी लोग इस तरह से कर रहे हों और सही तो सही ही है। चाहे यह कोई भी नहीं कर रहा।

कोई वक्त था, जब लोग मेरे सपनों की हंसी उड़ाते थे और अब मैं उनके जीवन स्तर की हंसी उड़ाता हूं।

यह हमेशा याद रखिए कि जो लोग यह कहते हैं कि आप यह काम नहीं कर सकते। वास्तव में वे ही आपको गौर से देख रहे होते हैं।

तब तक काम कीजिए जब तक कि महंगा आपके लिए बिल्कुल सस्ता ना हो जाए।

डर का असल में कोई अस्तित्व नहीं है। यह सिर्फ दिमाग की उपज है।

जब लोग यह कहते हैं कि यह काम करना असंभव है तो यकीन मानिए असल में यह उनके लिए असंभव  है आपके लिए नहीं।

ऐसी जिंदगी जियो, जिससे आपको बच कर भागने की जरूरत ना पड़े।

या तो मैं कोई रास्ता ढूंढ लूंगा या कोई नया रास्ता बना लूंगा। लेकिन मैं कोई बहाना नहीं बनाऊंगा।

कभी-कभी यह नहीं देखा जाता कि किस व्यक्ति की योग्यता ज्यादा है। बल्कि यह देखा जाता है की मंजिल को पाने की भूख किसमें ज्यादा है।

हम डर बनाते हैं जब हम सिर्फ बैठकर सोचते हैं लेकिन जब हम काम करना शुरू करते हैं, तो यह डर खत्म हो जाता है।

ज्यादा बात करो तो लोग मान लेते हैं कि यह इंसान बेवकूफ है लेकिन अगर चुप हो जाओ तो लोग उत्सुक हो जाते हैं।

और ज्यादा कमाने के लिए आपको और ज्यादा सीखना होगा।

कोई भी कदम उठाने से पहले उसकी घोषणा कभी ना करो।

लोगों को अपनी योजनाएं मत बताओ लेकिन परिणाम दिखाओ।

आपकी रोजमर्रा की जिंदगी की आदतें ही आपका भविष्य निर्धारित करती है.

उन लोगों से अत्यंत सावधान रहिए जिनकी बात में और उनके काम में अंतर होता है।

प्रातः कल 5:00 बजे वह समय जब उद्यमी लोग या तो सोने जा रहे होते हैं या फिर बिस्तर से जाग रहे होते हैं।

एक दिन वही लोग जो आप पर विश्वास नहीं रखते, दूसरे लोगों को बताएंगे कि वे आप को कैसे जानते हैं।

तब तक न रुको, जब तक कि हर वह व्यक्ति जो आप पर संदेह करता था, यह न पूछने लग जाए कि आपने यह कैसे कर दिखाया।

लोग मेरे बारे में हमेशा कोई ना कोई राय बनाने की कोशिश करते हैं। क्योंकि वे खुद की जिंदगी से संतुष्ट नहीं है।

उन लोगों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने की कोशिश करें, जो आपको जिंदगी में ऊंचे स्तर पर देखना चाहते  हैं।

या तो अपने सपनों का आकार कुछ छोटा करो या फिर अपनी योग्यताएं बढ़ाओ।

एक एथलीट की तरह अभ्यास कीजिए

न्यूट्रिशनिस्ट की तरह भोजन कीजिए।

बच्चों की तरह नींद लीजिए और चैंपियन की तरह जीत हासिल कीजिए।

जल्दबाजी में प्यार ना करो

जल्दबाजी में किसी पर विश्वास ना करो

जल्द ही प्रयास करना ना छोड़ दो।

लोगों से ज्यादा उम्मीदें मत रखो।

मैं आप की बनाई हुई दुनिया का एक हिस्सा नहीं बनना चाहता। मैं खुद के तरीके से एक नई दुनिया बनाना चाहता हूं।

खुद को हमेशा ऐसे लोगों के बीच में रखिए, जो यदि आपकी परिस्थितियां 10 गुना खराब हो जाती है या 10 गुना बेहतर हो जाती हैं, तो भी ना बदलें।

यदि आप अपने सपनों को साकार नहीं करोगे तो कोई दूसरा उस के सपनों को साकार करने के लिए आपको नौकरी पर रख लेगा।

खुद से यह वादा कीजिए कि कुछ भी क्यों ना हो जाए, आप अपने लक्ष्य को पूरा करके ही रहेंगे।

विनम्र बने रहे और मंजिल को हासिल करने के लिए जुनून बनाए रखें। याद रहे कमरे में सबसे अधिक कड़ा परिश्रम करने वाला इंसान आप ही होने चाहिए।

जिंदगी इस तरह से जियो कि यदि कोई दूसरों के सामने आपकी बुराई भी करता है तो लोग उस पर विश्वास ना करें।

इंतजार करने को खुद की आदत ना बनाओ।। अपनी जिंदगी जियो, जोखिम उठाओ क्योंकि जिंदगी अभी है।

उद्यमी वे होते हैं, जो मेरी यह इच्छा है, को मैं कर लूंगा में बदल देते हैं।

आमतौर पर उद्यमी यह सोचते हैं कि मैं पैसा कैसे कमा सकता हूं बजाए उसके उन्हें यह सोचना चाहिए कि मैं लोगों की जिंदगी में अच्छा बदलाव कैसे ला सकता हूं। जी हां आप ठीक समझे।पैसा इसी से ही आएगा।

आप से नफरत करने वाले, आपके बारे में अफवाहें बनाते हैं ।बेवकूफ़, यह अफवाहें फैलाते हैं और मूर्ख , इन पर यकीन करते हैं।

एक नदी पत्थर को इसलिए नहीं काट पाती कि वह ताकतवर है बल्कि इसलिए कि नदी दृढ़  है।

आप पूरी तरह से बदली हुई जिंदगी से सिर्फ एक निर्णय दूर हैं।

इतना बड़ा लक्ष्य बनाइए कि उसे तब तक न पाया जा सके, जब तक आप ऐसे इंसान ना बन जाए, जो इसे पाने की काबिलियत रखें।

आप को जितना पैसा अदा किया जाता है यदि आप उससे भी ज्यादा करते हैं, तो जल्द ही आप जितना करते हैं, उससे भी अधिक पैसा पाना शुरू कर देंगे।

आप को खुद की सीमाओं का तब तक पता नहीं लगता जब तक आप खुद को इन सीमाओं के अनुसार बड़ा नहीं करते।

कुछ भी संभव बना सकते हैं, बस आप खुद पर यकीन बनाए रखें।

यदि आप दृढ़तापूर्वक कार्य नहीं करते हैं, तो यह उन लोगों का अपमान है जो आप पर भरोसा करते हैं।

धैर्य रखो और अपने सफ़र पर यकीन बनाए रखो।

जब कोई आपसे यह कहता है कि आप यह काम नहीं कर सकते तो उसे गलत साबित करने के लिए दोगुनी मेहनत लगा दो।

डाक टिकट की तरह बनो, जब तक अपनी मंजिल पर न पहुंच जाओ तब तक लगे रहो।

करोड़पति कैसे बने

अपने बिजनेस की कोई योजना तैयार  करो और अपना स्तर दूसरों से ऊंचा रखो।

अपना बिजनेस शुरू कर दो और दुनिया भर में इसे फैला दो

अपना समय टीवी और निकम्मे लोगों पर बर्बाद करना बंद कर दो।

यदि किसी के पास कोई बिजनेस योजना नहीं है तो उसे छोड़ कर आगे बढ़ो।

हर हफ्ते लक्ष्य बनाकर पूरा करने की कोशिश करो

अपनी कमाई का 40 प्रतिशत निवेश करो।

ऐसी चीजें खरीदना बंद कर दो, जिनका कोई मोल नहीं, जैसे कार, महंगे कपड़े, ज्वेलरी आदि।

खुद को अधिक से अधिक शिक्षित करो। महान लोगों की जीवनी और प्रेरणास्पद किताबें पढ़ो।

रोज कुछ न कुछ नया सीखो।

सेहतमंद भोजन करो। अस्वास्थ्यकर खाना आपके दिमाग के लिए भी नुकसानदेह है।

ऐसे मर्द मत बनो जिसे एक औरत की जरूरत पड़े बल्कि ऐसे मर्द बनो जिसकी औरत को जरूरत पड़े।

जहां संघर्ष नहीं होता, वहां ताकत नहीं आती।

आपकी जिंदगी आपकी ही पसंद का परिणाम है। अगर आपको यह जिंदगी पसंद नहीं आ रही है तो बेहतर पसंद बनाएं।

इसे एक सपना कहने से बेहतर होगा कि इसे एक योजना कहा जाए।

सबसे पहले आपको खेल के नियमों को अच्छे से समझना होगा और फिर इन नियमों के अनुसार सबसे बेहतरीन खेलना होगा।

कड़ी मेहनत योग्यता को पीछे छोड़ देती है जब योग्यता द्वारा कड़ी मेहनत नहीं की जाती।

इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप कितनी नींद लेते हैं। फर्क इससे पड़ता है कि आप उस वक्त क्या करते हैं जब आप जाग रहे होते हैं।

जिंदगी में अकेले चलना सीखें क्योंकि यह जरूरी नहीं है कि जो लोग आपके साथ शुरुआत करें वे परिणाम आने तक आपके साथ ही हों।

आप इसके बारे में सोचना नहीं छोड़ सकते, तो इसके ऊपर काम करना भी ना छोड़े।

परिस्थितियां कैसी ही क्यों न हो। अपनी भावनाओं को अपनी योग्यता पर हावी ना होने दें।

जब भी आप प्रयास करना छोड़ने की सोचें तो उस वक्त उन लोगों को जरूर याद कर लें, जो यह कहते हैं कि आप यह नहीं कर सकते।

हमेशा लड़ाई से दूर भागने की कोशिश करो लेकिन अगर कोई शुरू कर ही दें तो 1 इंच भी पीछे ना हटे।

आपका वेतन वह रिश्वत है, जो आपको खुद के सपने भूल जाने के लिए दी जाती है।

एक ऐसा शिकारी, जिसके पास केवल एक ही तीर हो,  सर्वाधिक सावधानी से इसका उपयोग करता है।

सफलता, पिछली सभी असफलताओं को भुला देती है।

दौड़ने से पहले,  चलना सीखना जरूरी है।

जो व्यक्ति दूसरों को दोष देता है उसे अपनी मंजिल के लिए शुरुआत करना बाकी है। जो खुद को दोष देता है,  वह अपनी मंजिल के आधे रास्ते में हैं और जो किसी को दोष नहीं देता, वह अपनी मंजिल पर पहुंच चुका है।

छोटे-छोटे अनेक प्रहारों से बड़े से बड़ा पेड़ भी काट दिया जाता है।

यदि आप खुद को जान लेते हो और अपने दुश्मन को भी जान लेते हो, तो आप अनेक लड़ाईयां लड़ सकते हो और अनेक जीत हासिल कर सकते हैं।

यदि आपको मुस्कुराने की आदत नहीं है तो आप दुकान शुरू मत कीजिए।

आपको इस चीज का अंदाजा तब तक नहीं होता कि आपने क्या हासिल किया था जब तक वह चीज आप kkkkkहाथ से निकल नहीं जाती।

मजबूत लोग वे होते हैं, जो उस वक्त भी दूसरों की मदद करना नहीं छोड़ते,  जबकि वे खुद भी अनेक चुनौतियों का सामना कर रहे होते हैं।

कभी-कभी मुझे यह समझ नहीं आता कि कुछ लोग कैसे सामान्य महसूस कर लेते हैं जबकि वे भावनात्मक  रुप से दूसरों को तोड़ देते हैं।

जिंदगी में वे लोग बेहतरीन चीजों को पाने में कामयाब होते हैं, जो कि उसके लिए संघर्ष करते हैं, उस वक्त, जबकि दूसरे इसे पाने का इंतजार कर रहे होते हैं।

अपनी उम्मीदों से भी आगे निकल जाने के लिए बेहद जरूरी है कि आप अपने काम में जुनून को जोड़ दें।

यदि आपको जीतने की आदत बनानी है तो इससे पहले काम को पूरा करने की ठान लेने की आदत बनाएं।

जिन लोगों ने सफलता का स्वाद चखा है, वे सफल इसलिए हैं, क्योंकि उन्हें अपना लक्ष्य मालूम है और वे जानते है कि किस लिए काम कर रहे हैं।

मजबूत बने रहने का सबसे नकारात्मक पहलू यह है कि आपको मदद के लिए कोई भी हाथ नहीं बढ़ाता।

उस वक्त आप काम करें जब दूसरे सो रहे हों। उस वक्त आप सीखें, जब दूसरे लोग जब मजे कर रहे हों। उस वक्त बचाएं जब दूसरे पैसा उड़ा रहे हों और जिएं ऐसे, जिस तरह जीने का लोग सपना देखते हों।

मैं इस चीज का भरोसा तो नहीं दिला सकता कि मैं आप की सभी समस्याओं का समाधान कर दूंगा।लेकिन मैं इसका भरोसा जरूर दिलाता हूं कि ये सभी समस्याएं आप अकेले तो नहीं झेलेंगे।

आप जो खुद के लिए पसंद नहीं करते, ऐसा दूसरों के साथ भी ना करें।

अब जो भी कोई काम करो, उसे दिलों जान लगाकर करो।

बहुत अधिक बोलना और कुछ भी ना करना बिल्कुल वैसा ही है जैसे किसी पेड़ पर चढ़ कर मछली के फंसने का इंतजार करना।

यदि आप मानसिक रूप से सुदृढ़ हैं, तो आपके लिए सभी मुश्किलें आसान हैं और यदि आप मानसिक रूप से दुर्बल हैं तो आपके लिए समस्याएं ही समस्याएं हैं।

जो व्यक्ति अपनी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति के लिए अपने जमीर का सौदा करता है, वह एक खूबसूरत चित्र को जलाकर राख प्राप्त करना चाहता है।

जो भी लोग आपके निकट हैं, आप उन्हें खुश रखें तो वे सब लोग जो आपसे दूर हैं,  आपके निकट खुद ब खुद आ जाएंगे।

एक महीना किताबें पढ़ने से बेहतर है,किसी समझदार व्यक्ति के साथ एक घंटा बातचीत कर ली जाए।

असली ज्ञान वह है, जब इंसान को खुद के ज्ञान की सीमाओं का पता लग जाता है।

एक बुद्धिमान व्यक्ति अपने निर्णय खुद लेता है जबकि मूर्ख, लोगों के अनुसार अपने निर्णय लेते हैं।

वह व्यक्ति जो दो रास्तों पर एक साथ चलना चाहता है,उसे कभी अपनी मंजिल नहीं मिलती।

समुद्र के किनारे पर गिरे हुए मोती नहीं मिलते, इन्हें पाने के लिए समुद्र के गहराई में गोता लगाना पड़ता है।

आप अभ्यास में जितना अधिक पसीना बहाओगे, उतना ही युद्ध के मैदान में आपको कम लहू बहाना पड़ेगा।

जब कोई व्यक्ति किसी यात्रा से लौटता है, तो वह पहले से बदला हुआ इंसान होता है।

आपका गुरु आप के लिए दरवाजा खोल सकता है,लेकिन उसके अंदर प्रवेश आपको खुद ही करना पड़ेगा।

केवल उसी काम पर ध्यान दो, जो कि वाकई में किया जाना चाहिए।

वफादार कर्मचारी को सदैव सतर्क रहना चाहिए क्योंकि कोई भी काम किए जाने के पश्चात, उनकी जरूरत खत्म हो जाने के बाद, उन्हें भुला दिया जाता है।

रेस के बीच में अपने घोड़े नहीं बदलना चाहिए।यानी आपने जो लक्ष्य निर्धारित किया है उसकी तरफ आपको लगातार चलते रहने से ही सफलता हासिल होती है।

आप कदम-दर-कदम चलते हुए ही सफलता को हासिल कर सकते हैं। एक ही बार में आप मंजिल को नहीं पा सकते।

सफलता पाने के लिए और मंजिल तक पहुंचने के लिए आपको अपनी राह में आए पहाड़ को हटाने की जरूरत नहीं, बल्कि उसके पास से निकलने वाले रास्ते को उपयोग में लेना होगा।

बहुत अधिक तेजी से चलने के बजाय, काम को निरंतर और दृढ़तापूर्वक करें।

इंसान के लालच की कोई सीमा नहीं है। बिल्कुल वैसे ही जैसे कोई सांप हाथी को निगलना चाहता है।

थोड़े-थोड़े टपकते हुए पानी से भी पत्थर घिस जाता है। उसी प्रकार धीरे धीरे निरंतर कड़ा परिश्रम करते हुए इंसान अपनी मंजिल को पा सकता है।

यदि आप अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए कड़ा परिश्रम निरंतर नहीं कर रहे हैं, तो आप किसी फसल को तैयार होने से पहले ही काट लेना चाहते हैं।

जब आप धनवान हो जाते हो, तो आपको तसल्ली से सपने देख सकते हैं, लेकिन यदि आप निर्धन हैं तो पहले से ही अपने शौक पूरे करने की ना सोचे।

शेर के बच्चे का शिकार करने के लिए शेर की मांद में जाना ही पड़ेगा।

सफलता पाने के लिए लंबे रास्ते रुकावट नहीं है। यदि रुकावट है, तो वह है महत्वकांक्षा का ना होना।

आपके और आपकी मंजिल के बीच में एक ही चीज ख़ड़ी है और वह है आपके सफल न होने के बहानों की बेहूदा कहानी, जो आप लोगों को सुनाते रहते हैं।

केवल मरी हुई मछली ही पानी के बहाव के साथ-साथ बहती है।

बेशक, शेर और बाघ दोनों ही बेहद शक्तिशाली हैं लेकिन भेड़िए को कभी सर्कस में काम करते हुए नहीं देखा गया।

अपने अंदर हमेशा वह आग धधकती हुई रखना।

एक भेड़िया भी अपनी जिंदगी अपने तरीके से तय करता है, उसे इस बात का फर्क नहीं पड़ता कि कोई उसके बारे में क्या कहता है।

अगर आपके लक्ष्य आपको भीड़ से अलग करते हैं तो बेशक अकेले रहना ही बेहतर है।

बुद्धिमत्ता को सुरक्षित रखे जाने के लिए चुप रहना एक बाड़ के समान काम करता है।

हमारा जमीर हमारी आत्मा की आवाज होती है।

ईश्वर हमें मूंगफली जरूर देता है लेकिन वह इसे तोड़ कर हमें दाने नहीं देता।

खोटा सिक्का बाजार में नहीं चलता और यह घूम फिर कर वापस वहीं आ जाता है।

ऐसे रास्ते पर तेज दौड़ने से कोई लाभ नहीं, जो आपकी मंजिल की तरफ नहीं जाता।

थोड़ी सी देरी भी बहुत अधिक देर होती है।

सफलता पाने के केवल दो ही नियम हैं।
पहला कि अपने रहस्य किसी के सामने प्रकट ना करें।

जो दृढ़ निश्चय कर लेता है, भाग्य भी उसी का ही साथ देता है।

जिंदगी में आराम और सुकून के पल बिताने से पहले अपने काम पर ध्यान देना जरूरी है।

घर की चारदीवारी से बाहर निकलोगे,तभी कुछ कर पाओगे। (आराम तलबी से और घर निठल्ले बैठने से कुछ भी हासिल नहीं होता)

कभी कभी मेरे मन में यह ख्याल आता है कि मुझे अपने लक्ष्य को पाने का विचार त्याग देना चाहिए। लेकिन तभी मुझे वे लोग याद आ जाते हैं जो मुझे असफल होते देखना चाहते हैं।

मुझे जब लोग पूछते हैं कि आप आखिर क्या करते हैं तो मैं जवाब देता हूं अपनी मंजिल पाने के लिए कुछ भी।

शैतान ने मेरे कानों मैं फुसफुसाया कि तुम तूफान का सामना नहीं कर पाओगे। तो मैंने शैतान को जवाब दिया कि मैं ही तूफान हूं

टूटे हुए लोग बहुत खतरनाक होते हैं क्योंकि वे जानते हैं कि कैसे जिया जाता है।

मेरे शांत स्वभाव से यह अंदाजा न लगाओ कि मैं कमजोर हूं। मेरे भीतर एक जानवर सोया हुआ है लेकिन वह मरा हुआ नहीं है।

हमेशा सन्नाटे में भी अपना काम जारी रखो और उन्हें यह मालूम न हो कि आप क्या करने वाले हैं।

एक बुद्धिमान व्यक्ति को हमेशा अकेला देखा जा सकता है लेकिन मूर्खों को हमेशा भीड़ में ही पाया जाता है।

जिंदगी या तो एक बेहद साहसिक़ कारनामे के समान है या फिर जिंदगी कुछ भी नहीं है।

जिंदगी में सफलता सिर्फ एक ही चीज है और वह है जिंदगी को अपनी शर्तों पर जिया जाए।

मैं जब भी यह सुनता हूं कि लोग कहते हैं कि इस काम को नहीं किया जा सकता। उस वक्त मैं यह सोच लेता हूं कि मैं सफलता के बेहद करीब आ चुका हूं।

आपकी योग्यता भगवान द्वारा आप को दिया गया उपहार है और आप इस योग्यता से क्या हासिल करते हैं। यह  आपका भगवान को दिया जाने वाला उपहार है।

दूर दृष्टि का अर्थ है कि आप वह सब चीजें देख पा रहे हैं, जो अभी इस दुनिया में अस्तित्व नहीं रखती।

आपको वह सब चीजें ही करनी चाहिए, जो आप  मानते हैं कि आप नहीं कर सकते।

अपने सपनों को साकार करने के लिए पहले से रणनीति तैयार करना बेहद आवश्यक है।

मैं आपको यह तो नहीं कहता की सफलता को पाना बेहद आसान है। लेकिन मैं आपको यह

भरोसा जरूर दिलाता हूं कि जब आप सफलता पा लेंगे तो मानेंगे कि यह वाकई रोमांचित करने वाली चीज़ है।

आज आप जो कुछ भी हैं, वह अपने विचारों के बलबूते पर ही हैं और आने वाले कल में आप जो बनेंगे, वह भी अपने विचारों के बल पर ही बनेंगे।

ईश्वर ने इंसान को धरती पर सफल होने के लिए भेजा है , असफल होने के लिए नहीं।

हम जो बनना चाहते हैं, वैसे ही बने रहकर नहीं बन सकते, जैसे आज हम हैं।

आमतौर पर यह देखा गया है कि जो भी सफल व्यक्ति होता है, अपनी पिछली सफलता के बाद अपने लक्ष्य का स्तर और बढ़ा देता है। इस प्रकार वह अपनी महत्वकांक्षाओं को भी और बड़ा कर देता है।

सफलता आपके पास चलकर नहीं आती। आपको सफलता के पास खुद चलकर जाना पड़ता है।

हमें अपनी जिंदगी को इस तरह से बनाना चाहिए जैसे हमने इसके बारे में सपना बुना था।

जब तक कि आप ऐसे किसी क्षेत्र में बड़ा काम नहीं कर देते, जिस में आपने विशेषज्ञता हासिल कर ली हो तब तक आप खुद को सफल नहीं कर सकते।

अपनी पिछली सभी गलतियों को भूल जाओ अपना भूतकाल भी भूल जाओ। केवल और केवल वर्तमान में इसी क्षण में क्या करना है, उस पर ध्यान केंद्रित करो और उस में जुट जाओ।

हम वर्तमान में जो हैं, वही बने रहने पर, वह नहीं बन सकते, जो कि हम बनना चाहते हैं।

सफलता को मैं एक परिणाम के रूप में देखता हूं। ना कि एक लक्ष्य के रूप में।

अगर आप अपना भूतकाल देखना चाहते हैं,, तो अपने वर्तमान हालात देखें और अगर आप अपना भविष्य देखना चाहते हैं तो वर्तमान में खुद के द्वारा किए जाने वाले कार्य देखें।

ज़िंदगी की सबसे बड़ी गलती इस बात का डर होता है कि आप कोई गलती कर दोगे ।

सफलता तभी हासिल होती है, जब आप एक असफलता से दूसरी असफलता पर बिना उत्साह की कमी के पहुंचते है।

सफलता के लिए आपको सिर्फ एक ही दमदार आईडिया की जरूरत होती है।

अपनी भावनाओं को असल जिंदगी में क्रियान्वित करना ही सफलता का पर्याय है।

रातों-रात सफल होने के लिए 20 सालों की मेहनत लगती है।

आदमी वह सब प्राप्त कर सकता है, जो वह विश्वास रखता है।

सफलता की ओर जाने वाले रास्ते पर, हमेशा इसे बनाने का काम चलता रहता है।

मैं यह कर सकता हूं, में सफलता छुपी है और मैं यह नहीं कर सकता, में असफलता छिपी है।

सफलता की राह पर कोई स्पीड लिमिट नहीं होती।

विजेता हमेशा खुद पर विश्वास करते हैं। बगैर इस बात का परवाह किए, कि लोग उन पर विश्वास करते हैं या नहीं।

कोई भी अविष्कारक 999 बार असफल होता है लेकिन एक बार सफल भी होता है। लेकिन वह 999 असफलताओं  अभ्यास का हिस्सा मानता है।

मैं कभी असफल होने से नहीं डरता। क्योंकि असफलता से मुझे कुछ ना कुछ सीखने को जरूर मिलता है।

हर दिन कुछ न कुछ नया सीखने की कोशिश जरूर करें। आप सीखना  बंद नहीं करेंगे तो आप कभी बूढ़े नहीं होंगे।

कुछ लोग ऐसे होते हैं जो संतुष्ट हो जाते हैं और काम करना छोड़ कर बैठ जाते हैं। लेकिन इस दुनिया को उन्हीं लोगों से लाभ मिलता है,  जो लगातार लक्ष्य बनाकर उस पर काम करते रहते हैं।

खुद को बेहतरीन साबित करने से बेहतर है कि आप जो भी काम करें, केवल उसे बेहतरीन तरीके से करते जाएं।

एक असफल आदमी और एक सफल आदमी में बड़ा फर्क, ताकत का या ज्ञान का नहीं होता बल्कि यह केवल इच्छा शक्ति का ही होता है।

अब यह आपके ऊपर निर्भर करता है कि आप किसी पत्थर को एक छोटी रुकावट मानते हैं या फिर उससे आगे बढ़कर अपना रास्ता तय करना शुरू कर देते हैं।

यदि आप में योग्यता है और आप इसके लिए मेहनत करने के लिए तैयार हैं,  तो आप दुनिया में कुछ भी हासिल कर सकते हैं।

एक सकारात्मक सोच वाला इंसान अपने सपने साकार होते देखना चाहता है और एक नकारात्मक सोच वाला इंसान बुरे सपनों को सच होते देखता है।

सफलताओं के जितने भी राज हैं,  उनमें से कोई भी तब तक काम नहीं करेगा, जब तक आप खुद काम नहीं करेंगे।

बदकिस्मत हैं,ऐसे लोग जो सफलता के लिए काम करना बीच में ही छोड़ देते हैं ।उनसे भी बदकिस्मत वे हैं, जो लक्ष्य की ओर बढ़ने का प्रयास शुरु भी नहीं करते।

जब तक आप पूरी प्रतिबद्धता से लक्ष्य पाने के लिए जुट नहीं जाते, तब तक आप पूरी सफलता तो नहीं पा सकते।

आप तब तक कुछ नहीं पा सकते, जब तक आप खोजना शुरू नहीं करते।

यदि आप योजना बनाने में असफल हैं, तो आप असफल होने की योजना बना रहे हैं।

जब कोई इंसान अपने लक्ष्य के लिए पूरी प्रतिबद्धता से लग जाता है, तो मानो वह इस लक्ष्य को पाने के लिए पूरी दुनिया की ताकत लगा रहा है। जब वह पूर्ण रुप से प्रतिबद्ध हो जाता है, तो वह सफलता पाने से कैसे चूक सकता है।

वही आदमी समझदार है, जो अनेक सफलताएं पाने के बाद भी एक अपने लक्ष्य को सामने रखकर प्रतिबद्धतापूर्वक उस पर काम करना शुरू कर देता है। जो अपनी पिछली सफलताओं से सीखता है कि कार्य को अंजाम कैसे दिया जाता है।

कोई भी बड़ी सफलता तब तक हासिल नहीं की जा सकती, जब तक इसके पीछे कोई महान व्यक्ति काम न करें और महान व्यक्ति वही बनते हैं, जो इसके लिए दृढ़ निश्चयी होते हैं।

असफलता सिर्फ इस बात को ही दर्शाती है कि सफलता पाने के लिए हमारी इच्छा शक्ति में कुछ न कुछ कमी जरूर रह गई होगी।

सफलता का मूल क्या है। यह है, कड़ी मेहनत,दृढ़ निश्चय और निरंतरता से उस काम को बेहतरीन तरीके से करने का हर संभव प्रयास करना, जो काम हमने ठान लिया है अथवा जो हमें सौंपा गया है।

सफलता का मूलमंत्र इन तीन बातों में ही छिपा है हम जो काम कर रहे हैं, उसका हमें पूरा ज्ञान होना चाहिए। हम जो काम कर रहे हैं, उसे हम प्यार से करें। और जो काम हम कर रहे हैं पूरे विश्वास के साथ करें।

दूसरे लोग क्या कर रहे हैं, इससे आपको कोई वास्ता नहीं होना चाहिए। आप जो कर रहे हैं उसे आप पूर्ण निष्ठा लगन और मेहनत से निरंतर करते जाएं। हर दिन अपना ही कीर्तिमान तोड़ें, तो सफलता आपके कदम चूमेगी।

सारी दुनिया में भी ऐसा कोई व्यक्ति नहीं है, जिसने तुक्के से ही सफलता हासिल कर ली हो और फिर उसे कायम भी रखा हो।

कुछ खास बनने के लिए, आपको अपनी जिंदगी के कुछ साल इस तरह से बिताने होंगे जिस तरह के आम लोग नहीं बिताते। फिर आप एक ऐसी  बेहतरीन जिंदगी बिता पाएंगे, जो आम लोग सोच भी नहीं पाते।

जहां तैयारी और अवसर मिल जाते हैं वहीं सफलता शुरू हो जाती है।

बात जब अपने सपनों को साकार करने की आती है तो जो भी कोई जोखिम लेना हो, लो।

मैं ऐसे मुश्किल हालातों में खुद को कोशिश करके पूरी तरह थकाना पसंद करूंगा , जो मुझे सफलता देते हैं बजाए आरामपरस्ती से समय बिताने के, जो मुझे असफलता की ओर ले जाएं।

अब खुद को रोकना बंद भी करो।

अगर आपको जो चाहिए, उसके लिए अभी त्याग नहीं करोगे, तो आपको जो चाहिए, उसे त्यागना पड़ेगा।

धनवान बनना कोई लक्ष्य नहीं है 3 साल में 5 करोड़ कमाना लक्ष्य है।

अगर आपको लोग सिरफिरा नहीं मान रहे हैं तो यह तय मानें कि आप बहुत बड़ा नहीं सोच रहे।

आप की सफलता का स्तर आपकी मेहनत , अनुशासन और दृढ़ इच्छा शक्ति के स्तर पर निर्भर करता है।

सबसे बढ़िया बदला है सबसे बड़ी सफलता।

आपके सपनों को देखकर लोग पहले उनकी हंसी उड़ाते हैं लेकिन बाद में उन्हें साकार हुआ देखकर आप से नफरत करते हैं।

आप अपने उदाहरण से दुनिया को संदेश देते हैं ना कि विचारों से।

दिन के 8 घंटे किसी कंपनी के लिए काम करें और फिर घर  वापस आकर खुद के लक्ष्यों को पाने के लिए कुछ भी काम ना करें। इसका अर्थ यह नहीं है कि आप बहुत थक चुके हैं इसका अर्थ है कि आप को प्रेरणा की कमी है।

सबसे खतरनाक इंसान वह होता है जो सुनता है, सोचता है और चीजों पर बारीकी से गौर करता है।

बुद्धिमान लोग उस समय सीखते हैं , जब वे सीख सकते हैं और बेवकूफ लोग तब सीखते हैं, जब उन्हें सीखना पड़ता है।

मैं खुद का सफर तय करते करते अनेक इंसान बना हूं।

आप मुझे बेशक संघर्ष करते हुए देखेंगे, लेकिन आप कभी मुझे लक्ष्य को पाने का प्रयास करना बीच में छोड़ते नहीं देखेंगे।

यदि आप वाकई महान बनना चाहते हैं, तो लोगों की इजाजत लेना बंद कीजिए।

यह बिजनेस है।
आप अपने व्यक्तिगत भावनाएं कृपया दरवाजे के बाहर ही छोड़कर आएं।

सफलता की बुनियाद तो काम करना ही है।

उन लोगों से और उन चीजों से खुद को भटकाना बंद कर दीजिए, जो आपके लक्ष्य को पाने में सहायता नहीं कर रही।

सफलता के लिए इन 6 चीजों का होना लाजमी है
कड़ी मेहनत, त्याग, संघर्ष, विश्वास,धैर्य और जुनून।

मैं काम हमेशा इसी तरह से करता हूं कि मुझे कुछ साबित करना है।

हां , मैं आ रहा हूं। वे सब चीजें हासिल करने के लिए, जो लोग कहते हैं कि मैं पा नहीं सकता।

जब भी आपके मन में निराशा की कोई भावना आए,तो इसी को याद कर लीजिए कि कोका कोला पहले साल में सिर्फ 25 बोतल ही बेच पाई थी। हिम्मत मत छोड़ें।

अपनी समस्याओं को जरूर पहचान लो लेकिन अपनी ताकत और ऊर्जा उनके समाधान पर लगाओ।

उस वक्त तक काम में जुटे रहो, जब तक आपको अपना परिचय देने की जरूरत खत्म ना हो जाए।

तब तक किसी व्यक्ति के बारे में कोई धारणा ना बनाओ, जब तक कि आप खुद उसकी जगह स्वयं को मानकर अनुभव नहीं करते।

लोग केवल सफलता देखते हैं।

लोग यह सब नहीं देखते---

मेहनत, जोखिम, देर रात तक काम करना, संघर्ष ,असफलता ,लगातार डटे रहना, काम में जुटे रहना, थकावट, संदेह ,अनुशासन , आलोचना ,निराशा ,नींद नहीं आना, त्याग, अस्वीकार किया जाना।

आप उस व्यक्ति को कभी नहीं हरा सकते जो कभी मैदान बीच में नहीं छोड़ता।

हीरे बस ऐसे कोयले ही हैं, जो ज़बरदस्त दबाव में भी अच्छा करते हैं।

अगर आप एक बादशाह की जिंदगी जीना चाहते हैं तो पहले एक दास की तरह काम करना सीखें।

लंबोर्गिनी कार के विज्ञापन नहीं बनाए जाते,क्योंकि उन्हें मालूम है कि इसे खरीदने वाले लोग इन विज्ञापनों को टीवी पर देखने के लिए बैठे नहीं हुए।

ऐसे लोग कम ही सफल होते हैं जो कि अपने काम से प्यार नहीं करते।

हम अपने सभी सपनों को साकार कर सकते हैं बशर्ते हम उन्हें साकार करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्ध रहे।

मैं ऐसा नहीं कर सकता, से आज तक  कोई काम नहीं बना। लेकिन, मैं कोशिश करूंगा, से चमत्कार होते देखे गए हैं।

जो कुछ जरूरी है,  वह करना शुरू कर दें

उसके बाद जो संभव है, वह भी करें तो धीरे-धीरे आप वह भी करवाएंगे जो कि असंभव है।

जिंदगी में एक ही चीज बिना प्रयासों के पाई जा सकती है और वह है असफलता।

कठिनाइयों से पार पाने के दो ही तरीके हैं या तो इन कठिनाइयों को ही बदल दो या फिर खुद को बदल कर इन कठिनाइयों को दूर कर दो।

असफलता को एक विकल्प मानना बंद कर दो।

वही व्यक्ति दुनिया में सफल हुए हैं,  जिन्होंने यह समझ  लिया असफलताएं ही सफलता के शुरुआती कदम हैं।

कभी भी खुद को ऐसी स्थिति में मत लाओ,  जहां आप उन चीजों को मांगें, जो आप कमाने की क्षमता रखते हैं।

सफल होने के लिए दुनिया जैसी है, वैसे ही उसे समझना जरूरी है। और फिर उसी के अनुसार अपनी रणनीति बनाकर काम करने की।

यदि आप बड़ा नहीं सोच सकते तो सोचने की जहमत ही न करें।

असफलता एक बार फिर से मिला हुआ मौका है। लेकिन इस बार ज्यादा समझदारी से काम लेने की जरूरत होगी।

उत्साह में एक वास्तविक जादू है। यह साधारण काम को असाधारण उपलब्धि में बदलने का काम करता है।

एक ऐसा साधारण आईडिया, जो सब को उत्साहित कर दे, उस महान आईडिया से बेहतर है, जिसमें किसी को भी प्रेरणा ना मिले।

एक आदमी किसी भी हद तक असाधारण रुप से सफल हो सकता है, जिस काम को करने के लिए उसमें अटूट विश्वास और उत्साह है।

आप एक इंसान को उसके सपनों के आकार से पहचान सकते हैं।

संसार में निर्धन वह नहीं है, जिसके नाम एक पैसा भी नहीं है। बल्कि निर्धन वह है, जिसके पास कोई बड़ा सपना नहीं है।

सफलता का मूल मंत्र है कि आप तब भी काम करें जब सब आराम कर रहे हों। उस समय योजना बना रहे हों, जब सब मजे कर रहे हो और उस वक्त सपने देख रहे हों, जब लोग मात्र इच्छा ही कर रहे हैं।

जितना आपके पास है, यदि उससे अधिक पाना चाहते हैं। तो आप जो स्वयं हैं, उससे कुछ अधिक बनने की कोशिश करें।

श्रेष्ठत पाने का एक ही जरिया है, वह यह कि आप हर दिन पिछले दिन से बेहतर करें।

सफल व्यक्ति अपनी नाकामियों से भी फायदा उठाते हैं और अगली बार के लिए बेहतर तैयारी करते हैं।

सफलता उनको मिलती है, जो खुद कुछ कर दिखाते हैं ना कि उनको मिलती है जो घटनाओं को होने देते हैं।

पहला कदम उठाने का साहस करना महत्वपूर्ण है। क्योंकि उस वक्त, आप अपने सपनों को डर से ऊपर रखते हैं।

आपके जीवन की खुशियों का आधार, आपके विचारों की श्रेष्ठता पर निर्भर करता है।

असंभव से दिखने वाले कामों को करने में एक अलग सा ही मजा है।

यदि आप चाहते हैं कि आप अपने सपनों को साकार कर लें, तो ज्यादा नींद लेना बंद कर दें।

लक्ष्य सितारों की भांति हैं, यह हमेशा वही रहेंगे लेकिन मुसीबतें और कठिनाइयां बादलों की तरह हैं। यह जल्द ही बिखर जाएंगे। आप अपना ध्यान सिर्फ सितारों पर ही केंद्रित रखें।

हमारी जिंदगी इस चीज को तय नहीं करती कि हमारे साथ क्या घटित होता है। बल्कि यह उस चीज पर निर्भर करती है कि हम इन घटनाओं पर अपना क्या रवैया रखते हैं। जिंदगी हमें क्या देती है और हम किस रवैये से जिंदगी को जीते हैं। असल में एक सकारात्मक सोच के साथ चलने से सब कुछ सकारात्मक होता चला जाता है। सकारात्मक विचार से सकारात्मक घटनाएं और फिर उनके सकारात्मक परिणाम मिलते ही हैं।

एक सकारात्मक सोच ही बहुत बड़ी ताकत है। जिसे रोका नहीं जा सकता।

जो शुरुआत करने से भी हिचकिचाता है या डरता है समझ लीजिए वो पहले ही खत्म हो चुका है।

हम कहां हैं और क्या हैं, यह उन सब चीजों का परिणाम है जो हमने पूर्व में की थी।

काम को बीच में अधूरा छोड़ने वाले कभी विजेता नहीं बनते और विजेता कभी काम को बीच में अधूरा नहीं छोड़ते।

काम को बेहतर तरीके से अंजाम देने का अर्थ है कि आप और बेहतर करने के लिए तैयार हैं।

हम में से अधिकतर लोग उसी में ही संतुष्ट और खुश हो जाते हैं जितना कि हम समझते हैं कि इतना हमारे लिए काफी है।

किसी भी इंसान की जिंदगी में वह सबसे स्याह लम्हा होता है, जब वह इस बात को सोचता है कि बिना कमाए उसे पैसा कैसे मिल सकता है।

केवल एक आईडिया और एक ही क्रियान्वन सारी दुनिया को बदल कर रख सकता है।

यदि आप अपना तन मन धन किसी चीज के लिए झोंक देंगे, तो आप निश्चित रूप से सफल हो जाएंगे।

एक लीडर वह होता है जो संगठन को उस तरीके से देखता है, जैसा कि वह उसे भविष्य में बनाना चाहता है न कि वैसे, जैसे कि वह संगठन अभी दिख रहा है।

हमारा जीवन हमारी सोच का ही परिणाम है इसलिए अपनी क्षमताओं का बेहतरीन उपयोग करें। वहीं पर जहां पर आप अभी हैं और आपके पास जो कुछ भी उपलब्ध है।

हमारी खुशियां इस चीज पर निर्भर नहीं करती कि हमारे पास क्या है। बल्कि इस चीज पर निर्भर करती हैं कि हमारे पास जो है, हम उसके लिए कैसा सोचते हैं। हो सकता है हम बहुत थोड़े में भी बहुत खुश हों और बहुत अधिक पाकर भी इतना खुश ना हों।

आपका किसी भी काम को करने के प्रति क्या रवैया है, यह सबसे अधिक महत्वपूर्ण होता है।

हम अपने भाग्य विधाता खुद ही हैं, हमारी सोच और हमारा काम ही हमारे भाग्य का निर्माण करता है। क्योंकि आप हवाओं का रुख तो बदल नहीं सकते, लेकिन आप अपने

नौका की पाल का रुख बदल कर आगे बढ़ सकते हैं।

मैंने इस चीज का एहसास किया है कि जिंदगी में मैंने जो सफलताएं पाई हैं वो मेरी असफलताओं की बदौलत है। मैंने जो ताकत हासिल की है, वह मेरी कमजोरियों की बदौलत है। और मेरा व्यक्तित्व मेरी ही सीमाओं की बदौलत है।

कभी-कभी बेहद उटपटांग सा लगने वाला विचार भी एक महान सफलता में परिवर्तित हो जाता है।

सपने साकार होते देखे जा सकते हैं, यदि आप इसके लिए इच्छा करें। आप जिंदगी में कुछ भी हासिल कर सकते हैं। अगर आप इसके लिए बाकी सब कुछ त्याग करने के लिए तैयार हैं तो।

यदि आपके हिस्से में हार आती है तो अगली बार के लिए बेहतर योजना बनाने का काम शुरू कर दें। इसके बाद इस योजना पर प्रभावी रूप से क्रियान्वन करें, तो आप निश्चित रूप से अपना लक्ष्य हासिल कर लेंगे।

आईडिया ही किसी उपलब्धि का आधार होते हैं।

मेरी यह शुभकामना है कि आपके सपने ही आपका भविष्य बने।

सफलता को मापना बेहद आसान है। यह किसी व्यक्ति की शुरुआती जिंदगी और उसकी उपलब्धियों के बीच का अंतर है।

मैंने कई सपने देखे और कई बुरे सपने भी।

लेकिन मैं साकार किए जाने लायक सपनों की बदौलत ही उन दुस्वप्नों से बाहर आने में कामयाब हो पाया।

लक्ष्य और उपलब्धि के बीच का अंतर सिर्फ अनुशासन है।

छोटे लक्ष्य रखोगे, तो छोटी सफलता मिलेगी और अगर आप अपने लक्ष्य बड़े निर्धारित करोगे, तभी आपको महान सफलता मिलेगी।

सपने देखिए, लेकिन छोटे सपने नहीं। क्योंकि छोटे सपनों में इतनी ताकत नहीं होती कि वे आत्मा को झकझोर कर सफल बनाने के लिए प्रेरित कर दें।

जो व्यक्ति हताश हो जाता है, वह हर हालत में एक रुकावट ही बना रह जाता है। लेकिन जो व्यक्ति हताशा से बाहर आ जाता है,  वह जुनून, जोश और कठिन परिश्रम से पर्वतों को भी हिला कर रख देता है।

जिंदगी में इससे बेहतर एहसास कोई हो ही नहीं सकता, जब इंसान यह महसूस करता है कि उसने खुद पर विजय पा ली है।

जब आप किसी लक्ष्य को हासिल करना चाहते हैं तो सबसे पहले उस लक्ष्य को हासिल करने का एहसास खुद में पैदा कीजिए।

सच्ची प्रगति का और साहस का प्रतीक है सकारात्मक सोच। जो लोग किसी लक्ष्य को हासिल करने के लिए जी जान से जुटे हुए हैं और उसके लिए रात दिन मेहनत कर रहे हैं। उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि जिंदगी में मेहनत से ही कुछ भी हासिल किया जा सकता है,  इसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है।

हे ईश्वर, मुझे इस बात की प्रेरणा देना कि मैं जितना हासिल करूं,  उससे ज्यादा की कोशिश करता रहूं।

असंभव को हासिल करने के लिए जरूरी है कि वह सोचा जाए,  जिसका कोई अस्तित्व ही नहीं है।

मैं जिस किसी भी सफल व्यक्ति से मिला हूं, उसने मुझे एक ही बात कही है कि मेरी उस दिन से जिंदगी ही बदल गई, जब मैंने खुद पर विश्वास करना शुरू किया।

जिंदगी में केवल दो ही बातें बेहद आवश्यक हैं पहला तो यह कि आप जो चाहते हैं, उसे हासिल कर लें, और दूसरा उसका पूरा आनंद उठाएं। यह देखा गया है कि लोग अमूमन दूसरे तथ्य को भूल जाते हैं।

अगर आप कल्पना कर सकते हैं, तो उसे हासिल कर सकते हैं और अगर सपना देख सकते हैं तो वैसा बन भी सकते हैं।

वास्तविक जोखिम किसी चीज के लिए भी कोशिश ना करना है।

आप के मौजूदा हालात आपकी असली योग्यता को नहीं दर्शाते।

यदि हम बदलेंगे नहीं,  तो हम खुद को कैसे विकसित करेंगे और यदि हम खुद को विकसित ही नहीं करेंगे तो हम क्या जिए।

अपनी कठिन परिस्थितियों में भी खुद को प्रोत्साहित बनाए रखिए। क्योंकि कठिन परिस्थितियों में ही सर्वश्रेष्ठ नतीजे आते हैं।

प्रयास करने छोड़ देना, हमेशा जल्दबाजी ही माना जाएगा।

प्रत्येक सुबह जब आप बिस्तर छोड़ें,  तो तीन बार जोर से बोलें हां,मैं कर सकता हूं। और इस सकारात्मक विचार के साथ हर दिन की शुरुआत करें।

जब आप बेहतरीन की उम्मीद करते हैं,  तो आपके मन-मस्तिष्क में भी बेहतरीन करने की तरंगे पैदा होती हैं और आप वाकई सर्वश्रेष्ठ करने के लिए तैयार हो जाते हैं।

समय सबसे अनमोल है लेकिन हम सबसे ज्यादा इसी की अनदेखी करते हैं। हम समय का दुरुपयोग करते हैं, फालतू कामों में से जाया करते हैं, बजाय इसके कि हम समय में निवेश करें।

सफलता का और प्रयासों का बिल्कुल सीधा सीधा सा रिश्ता है।

यदि आप सफलता के लिए प्रयास नहीं कर रहे हैं तो आप असफलता की ओर बढ़ रहे हैं।

किसी भी लक्ष्य को पाने के लिए संगठित प्रयासों की आवश्यकता होती है। हालांकि यह काफी कठिन काम है, लेकिन इस कठिन काम को करने का जोखिम, उस जोखिम से कम है, जो आप बिना कुछ प्रयास किए आरामदायक जिंदगी बिताने में निकालते हैं।

आप जब भी कोई असंभव दिखने वाला काम करते हैं, तो आप इसी प्रकार से कोशिश करें कि आप इस में असफल नहीं होंगे।

जिन लोगों को सफल होना होता है वे कोई ना कोई रास्ता ढूंढ ही लेते हैं और जिनको असफलता का रोना रोना है वे कोई ना कोई बहाना।

उपलब्धि कितनी भी छोटी क्यों ना हो, उसकी सराहना अवश्य करनी चाहिए।

अगर आप चीजों में उलझ जाते हैं, और कुछ नहीं सीखते, तो यह आपकी गलती है। आप चीजों में उलझकर भी कुछ नया सीख लेते हैं, तो यह आपका अनुभव है।

जो लोग असफल होने से डरते हैं वे कभी सफलता का असली आनंद नहीं ले पाते।

हमेशा सकारात्मक ही सोचें, क्योंकि इसके परिणाम सकारात्मक ही होते हैं।

आपके विचार आग की लपटों की तरह ही होते हैं। छोटे विचारों से थोड़ी ऊष्मा होती है और बड़े विचारों से विशाल अग्नि स्रोत बनता है।

सफलता की पैसे से तुलना नहीं की जा सकती। यदि आप अपनी जिंदगी आपके पास, जितने भी संसाधन है, उनके अनुसार खुशी खुशी जी लेते हैं तो भी यह बड़ी सफलता है।

जब आप कुछ सीखते हैं, तो आपको इसके लिए गौर से सुनना पड़ता है। लेकिन यदि आप कुछ सुधार लाना चाहते हैं तो आपको खुद प्रयास करना पड़ता है।

सफलता पाने की सबसे जरूरी आदत में यह जरूर शुमार कर लीजिए कि आप लोगों से कुछ ज्यादा ही करेंगे।

एक अमीर और एक गरीब की सोच में जो मूलभूत अंतर होता है, वह है कि अमीर लोग सबसे पहले पैसे को निवेश करते हैं और उसके बाद जो बचता है उसे खर्च करते हैं। लेकिन निर्धन लोग सबसे पहले खर्च करते हैं और जो बचता है उसे निवेश करते हैं।

आपको अपने आईडिया पर इतना अधिक विश्वास होना चाहिए कि आप उसके लिए नपे तुले जोखिम उठाने को तैयार हो जाएं और उसके बाद उस पर काम करना तुरंत शुरू कर दें।

विजेता कभी प्रयास करना नहीं छोड़ते।

आपकी जिंदगी आपके सपनों का प्रतिबिंब होती है, आप जैसा चाहते हैं कि आप जिएं, वैसे ही सपने देखें और फिर उन्हें साकार करने के लिए प्रयास शुरू कर दें।

सफलता का सबसे बड़ा रहस्य, आम चीजों को बेहद खास तरीके से करना है।

मैंने यह अनुभव किया है कि जो भी विजेता होते हैं उनके पास दो चीजें जरूर होती हैं एक तो, एक निश्चित लक्ष्य और दूसरा उसे पूरा करने की ठोस योजना के साथ ज्वलंत इच्छा।

बेहतर करना इच्छा से नहीं होता। बेहतर करना, वाकई  करने से होता है।

वह व्यक्ति मैं हमेशा सफल मानता हूं, जो खुलकर जीता है, खुलकर हंसता है और सब का प्यार पाता है।

असली सफलता, असफलता के डर पर विजय पाना भी है।

यदि आप सफल हो जाते हैं, तो आपको बहुत से झूठे मित्र मिल जाएंगे और सच्चे दुश्मन भी।

फिर भी सफल होने के लिए शुभकामनाएं।

यदि आपको सफलता की चाबी नहीं मिल रही है तो क्यों ना ताला ही तोड़ दिया जाए।

सफलता, कभी सफलता की नींव पर नहीं खड़ी होती बल्कि यह असफलता की नींव पर खड़ी होती है। कभी-कभी यह निराशा की नींव पर खड़ी होती है।

और कभी-कभी तो यह बड़ी तबाही की नींव पर भी खड़ी होती है।

लोग अपनी गलतियों को ही अनुभव का नाम दे देते हैं।

यदि आप का प्लान ए सफल नहीं होता है तो यह याद रखे कि अंग्रेजी में 25 और भी अक्षर हैं।

गलतियां सभी करते हैं, लेकिन केवल बुद्धिमान लोग ही गलतियों से सबक भी लेते हैं।

दूसरों की गलतियों से सबक  लेकर ही आगे बढ़ने में समझदारी है। बजाय इसके कि खुद गलतियां करके सबक लिए जाएं।

गलतियों पर शर्मिंदा होने की आवश्यकता नहीं है और इस प्रकार से उन्हें पेश न किया जाए,  जैसे कोई जुर्म ही कर दिया है।

यदि आपने हार से कोई सबक लिया है,  तो यकीन मानिए आप वास्तव में हारे नहीं हैं।

हमारा गौरव कभी भी ना गिरने में नहीं है। बल्कि जब भी हम गिरें, तो दोबारा उठ खड़े होने में है।

सच से प्यार करो और गलतियों को क्षमा कर दो।

सफल लोगों के अधिकतर बहुत अधिक शत्रु तो नहीं होते, लेकिन उनके नापसंद करने वाले मित्र बहुत से होते हैं।

आराम उपलब्धियों का सबसे बड़ा दुश्मन है।

यदि हमें रचनात्मक जीवन जीना है, तो हमें गलतियों की परवाह करना छोड़ना होगा।

कुछ लोग इतने भाग्यशाली होते हैं कि वे सफल हो जाते हैं। लेकिन मैंने देखा है कि कुछ लोग इतने ज्यादा दृढ़ निश्चय ही होते हैं कि वे सफल होते ही हैं।

आपका शरीर किसी भी हद तक जा सकता है अपनी क्षमता से कहीं अधिक काम कर सकता है।यह केवल दिमाग ही है, जो हमें रोकता है।हमें अपने दिमाग पर नियंत्रण करना सीखना होगा।

अगर आप उड़ना चाहते हैं, तो सबसे पहले उन सब चीजों से छुटकारा पा लें, जो आपको नीचे की ओर खींचती हैं।

अगर आप तनाव को नहीं झेल सकते, तो यकीन मानिए आप सफलता पाने के योग्य नहीं है।

जिंदगी हमसे यह नहीं चाहती कि हम बेहतरीन बनें। लेकिन यह जरूर चाहती हैं कि हम हमेशा अपना बेहतरीन करें।

<u>पांच चीजों को कभी ना करें</u>

सभी को खुश करने की कोशिश

बदलाव से डर

भूतकाल में जीना

खुद को कम आंकना

जरूरत से ज्यादा सोचना

आज से ही कुछ ऐसा करना शुरू करें जिससे कि आने वाला भविष्य आपको धन्यवाद दे।

पेड़ के तने पर बैठा पक्षी, कभी भी शाख के टूटने से नहीं डरता। क्योंकि उसका भरोसा, उस शाख़ पर नहीं,बल्कि अपने पंखों पर होता है। खुद पर यकीन करना सीखें।

असफल लोग अपनी परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लेते हैं। जबकि सफल लोग इस प्रकार से निर्णय लेते हैं कि उन्हें आखिर क्या चाहिए।

अगर कोई आपसे यह कहता है कि आप यह काम नहीं कर सकते, तो इसका अर्थ है कि वह अपनी सीमाएं बता रहा है आप की नहीं।

बहुत ही खूबसूरत चीजें घटित होती हैं, जब आप नकारात्मकता का साथ छोड़ देते हैं।

अगर यह करना आसान होता, तो क्या सभी लोग ऐसा नहीं कर लेते।

खुद को ऐसे लोगों की संगति में रखो, जो नए आइडियाज और विचारों पर बात करें, ना कि आम लोगों की बातें करें।

डर से ज्यादा ताकतवर सिर्फ एक ही चीज है और वह है उम्मीद।

आगे बढ़ना बहुत तकलीफदेह काम है। बदलाव लाना भी बहुत तकलीफदेह है। लेकिन सबसे ज्यादा तकलीफ तो है ऐसी जगह पर फंसे रहना, जिससे आप वास्ता नहीं रखते।

जब आप खुद को सीमाओं में बांधना बंद कर देते हो, तो आपका जीवन भी अनंत हो जाता है।

जो व्यक्ति ऑर्केस्ट्रा टीम का अगुवा बनना चाहता है उसे श्रोताओं की तरफ पीठ करनी पड़ती है।

डर और कहीं नहीं है, बस यह आपके दिमाग में है।

कोई समस्या असल में समस्या नहीं होती, बल्कि समस्या के प्रति आपके रवैए में होती है।

व्यस्त असल में कोई भी नहीं है. यह निर्भर करता है कि आप उनकी प्राथमिकता की सूची में कहां पर हैं.

जल्दबाजी करने की कोई जरूरत नहीं है । जैसे ही किसी चीज का वक्त आता है, सब ठीक हो जाता है.

क्रोध के एक पल मैं रखा गया धैर्य, पछतावे के सैंकड़ों पल बचा लेता है।

इतने साहसी बनें कि आप अकेले खड़े हो सकें। इतने समझदार बनें कि आप यह जान सकें कि आपको कब मदद की आवश्यकता है और इतने बहादुर बनें कि आप मदद मांग सकें।

यदि आप निराशा में डूबे हैं तो आप भूतकाल में जी रहे हैं । यदि आप चिंतित हैं तो आप भविष्य में जी रहे हैं।

यदि आप समता में  हैं, तो आप वर्तमान में जी रहे हैं।

लोग अधिकतर यह भूल जाते हैं  कि क्या यह आपकी पसंद है कि आप अपनी जिंदगी किस तरह से जीना चाहते हैं।

डर बेवकूफी है, उसी तरह पछतावा भी।

खाली पेट, खाली जेब  और टूटा हुआ दिल आपको जिंदगी के सबसे बेहतरीन सबक देते हैं।

तब तक निरंतर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहो जब तक कि आपका बैंक अकाउंट टेलीफोन नंबर की तरह ना दिखने लगे।

कभी-कभी जिंदगी गलती से, सही दिशा की ओर मोड ले लेती है.।

वे आप को भाग्यशाली कहते हैं, लेकिन यह नहीं जानते कि इसके लिए आपने कितनी मेहनत की है।

व्यस्त मत बने रहो। ऐसा काम करो, जिसके बेहतर परिणाम निकलें।

मजबूत लोगों का रवैया नहीं होता,बल्कि उनका एक स्तर होता है।

जड़ें मजबूत हो तो तूफानी हवाओं से डरने की जरूरत नहीं होती।

जो व्यक्ति एक ही वक्त में दो खरगोशों के पीछे दौड़ता है, वह एक भी नहीं पकड़ पाता।

यदि आप बदला लेने की सोच रहे हैं, तो एक साथ दो कब्र खोदकर रखें।

जिसने रास्ता तय किया है,  वह यह जानता है कि कहां खड्डे गहरे हैं।

पर्वत कितना भी ऊंचा क्यों ना हो, यह सूरज को दिखने से नहीं रोक सकता।

यदि आप तूफान को सह चुके हैं,  तो बारिश आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

असली सोने को आग के इम्तिहान से डर नहीं लगता।

हर इंसान के 3 चेहरे होते हैं पहला जो वह दुनिया को दिखाता है। दूसरा, जो आप अपने परिवार के सदस्यों व खास मित्रों को दिखाते हैं। और तीसरा चेहरा, जो आप किसी को भी नहीं दिखाते। वह  आपका असली प्रतिबिंब है।

एक इंसान छोटे छोटे पत्थर हटाने की शुरुआत करके पूरे पर्वत हटा सकता है।

जो इंसान आपसे दूर भाग रहा है, उसका पीछा करने की जरूरत नहीं है।

पैसा तो मेहमान की तरह होता है, जो आज आता है और कल चला जाता है।

आप किसी काम को 1 दिन के लिए टाल दीजिए, तो 10 दिन यूं ही निकल जाएंगे।

असली सोने को भट्टी से डर नहीं लगता।

ये याद रखें कभी-कभी बंदर भी पेड़ से गिर जाते हैं।

एक ऐसा कुत्ता, जिसके पास हड्डी होती है, वह किसी दोस्त को नहीं पहचानता।

एक संतुष्ट आदमी हमेशा धनवान ही होता है।

आगे का रास्ता उन लोगों से पूछना चाहिए, जो गंतव्य से लौटकर आ रहे हैं।

आप बेशक खूबसूरत हैं, लेकिन काम करना सीखें । क्योंकि खूबसूरती से पेट नहीं भरता।

अपनी आंखों को खोलकर खरीदारी कीजिए, ना कि सुनकर।

बेहतरीन याददाश्त से धुंधली स्याही का लिखा हुआ भी अच्छा रहता है।

अपनी सफलता से ज्यादा, हम अपनी हार से सीखते हैं।

बुराई किसी सुई की तरह अंदर आती है और पेड़ की तरह पनपती है।

तब तक बोलने की जरूरत नहीं है, जब यह चुप्पी से बेहतर हो।

दूरी से घोड़े की क्षमता का पता लगता है और समय के साथ व्यक्ति के चरित्र का।

जब आप किसी लक्ष्य की घोषणा करते हैं तो आप उसे पा भी सकते हैं।

लक्ष्यों को हासिल करने के लिए हमें योजना का क्रियान्वयन करना ही जरूरी नहीं है बल्कि सपने देखना भी जरूरी है, केवल योजना बनाने की ही जरूरत नहीं है बल्कि उसमें विश्वास रखने की भी जरूरत है।

जब कभी भी आपके मन में यह विचार आए कि आप कोई कार्य नहीं कर सकते हैं तो आप उसी वक्त अपनी कोई पिछली बड़ी सफलता को जरूर याद कर लेना।

कभी कभी ऐसी कल्पना भी साकार हो जाती है, जिसके लिए हम बेहद शिद्दत से सोचते हैं और बगैर रात दिन देखे उस पर काम करते हैं।

अगर आप जिंदगी में सफल होना चाहते हैं तो अपने उसूलों पर मजबूती से खड़े रहना सीखें, वरना आप हर किसी चीज के लिए गिरते रहेंगे।

यदि आपको अपनी मनचाही वस्तु अभी तक नहीं मिली है, जिसका विचार आपके दिमाग में है, तो उसे पाने के लिए अभी से काम करना शुरू कर दें तो यह आपकी हो ही जाएगी।

यदि आप जीवन में डर का सामना करते हैं तो यह निश्चित रूप से साहस है लेकिन यदि आप किसी भी चीज से डरते नहीं, तो यह बेवकूफी है।

आपके अंदर का जज्बा, आप को जीतने की इच्छा शक्ति और सर्वश्रेष्ठ करने की चाह ही आप को आगे ले जाती है। पूर्व में हो चुकी और वर्तमान में हो रही घटनाएं इन गुणों के आगे कोई मायने नहीं रखती।

जो व्यक्ति हथियार छोड़ने से इंकार कर देता है, हमेशा उसी को जीत हासिल होती है।

महान काम हमेशा दृढ़ता से होते हैं, ना की ताकत से।

इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप अभी क्या सोच रहे हैं या आपके लक्ष्य के सामने क्या क्या चुनौतियां है। आप बस अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जुट जाएं तो इसे हासिल कर ही लेंगे । क्योंकि कार्य करने से ही होते हैं।

मुझे यकीन है कि मैं अपने जीवन के अंत में ये शब्द ना दोहराऊं कि मैंने इस काम को करने का प्रयास भी नहीं किया।

कोई भी व्यक्ति उसी वक्त सफलता की राह पर चल पड़ता है जब यह दृढ़ निश्चय कर लेता है कि वह सफल होगा ही।

जीतना या सफलता पाना एक बार की ही बात नहीं है। आप को जीतने के लिए इसे एक आदत बनाना पड़ता है। इसके लिए पूरी शिद्दत से हमेशा और हर बार काम करना पड़ता है।

कभी कभार पाई जाने वाली सफलता असल में सफलता नहीं होती।असली सफलता वह है कि आप हर बार ही सफल हों और इस सफ़लता को बनाए रखें।

बेहतरीन होने में नहीं, करने में होता है।

जब भी आपको ऐसा महसूस हो कि यह कार्य किसी ऊंचे पहाड़ पर चढ़ने जैसा है उसी वक्त यह महसूस जरुर करके देखें कि उस ऊंचे पहाड़ पर चढ़ने के बाद चारों ओर दिखाई देने वाला नज़ारा कैसा होगा।

मेरे लिए विजेता वह है जो यह जान चुका है कि भगवान ने उसमें क्या योग्यताएं भरी हैं। उन योग्यताओं को तराशने के लिए उसने पूरी मेहनत की। और इन योग्यताओं के माध्यम से उसने अपने लक्ष्य हासिल किए। मैं जब कभी भी भ्रमित हो जाता हूं तो मैं अपनी कमजोरियों का आकलन करता हूं और उन्हें अपनी ताकत में बदलने का काम करता हूं।

आपकी सफलता का आकार इस बात पर निर्भर करता है कि हासिल करने के लिए इच्छा और आपके प्रयासों की गहराई कितनी है।

चुनौतियों को आप की सीमा तय न करने दो। बल्कि अपनी सीमाओं को खुद चुनौती दो।

हर दिन हमें सुधार के लिए निरंतर और कड़ा परिश्रम करना ही चाहिए।

यदि आप का लक्ष्य तय है और इसे पाने के लिए आपके अंदर धधकता जुनून है, तो ऐसी कोई भी परिस्थिति नहीं है कि आप अपना लक्ष्य हासिल नहीं कर पाए।

अपने लक्ष्य को दिमाग में रखकर अपने दिन की शुरुआत करें और दिन के अंत तक इसे पूरा करके ही दम लें।

जो लोग सपने देखते हैं, वे लोग भविष्य में उम्मीद देखते हैं। अन्य लोग भविष्य में केवल भविष्य ही देते हैं।

जिंदगी  वैसे ही होती है जैसा कि हम उसे बनाना चाहते हैं।

सफलता का सबसे ऊंचा स्तर है, सफलता हासिल करने पर मिलने वाली खुशी।

हर समस्या में कोई ना कोई बड़ा खजाना जरूर छुपा होता है । अब यह आप पर निर्भर करता है कि क्या आप उसे ढूंढ पाते हैं।

डर को केवल साहस से ही खत्म किया जा सकता है। जब जब भी ऐसा मौका आता है और लगता है कि सारा संघर्ष बेकार हो गया है, सारे अवसर खत्म हो चुके हैं। उस वक्त वह

जीत जाता है, जो बाकी लोगों से कुछ अधिक प्रयास करता है। कुछ अधिक संघर्ष करता है।

ऐसा व्यक्ति, जिसने जिंदगी में कभी गलतियां नहीं की, उसने असल में कभी कुछ नया करने प्रयास किया ही नहीं।

महत्वकांक्षा ही सभी सफलताओं का बीज है। बिना महत्वकांक्षाओं के बिजनेस भी नहीं बनते और सफलता की कहानी भी नहीं लिखी जा सकती।

बुरी आदतों को बदलने के लिए, हमें सफलता पाने की बारीकियों का अध्ययन करना होगा।

वह जो हिम्मत करता है, वही जीतता है।

खुद पर विश्वास रखो। कभी कभी आप की धारणाएं  खुद के बारे में सटीक होती हैं, लेकिन आप उन पर विश्वास नहीं करना चाहते।

कल्पना शक्ति से दुनिया जीती जा सकती है।

यदि आप सोचते हैं कि आप कर सकते हैं और यदि आप सोचते हैं कि आप नहीं कर सकते हैं, दोनों ही स्थितियों में आप सही हैं।

ईश्वर ने सभी लोगों को समान रूप से ही बनाया है। लेकिन ऐसा कैसे हो जाता है कि कुछ लोग असंभव दिखने वाले कार्य कर गुजरते हैं। ऐसा होता है उनकी दूर दृष्टि से, उनके काम करने के जुनून से और सबसे अधिक काम को करने से।

कोई भी असंभव दिखने वाले काम को हम भी कर सकते हैं।  बस हमें इसके लिए लंबे समय तक दृढ़ रहना होगा।

कुछ लोग उस वक्त हताश होकर काम को छोड़ देते हैं जबकि सफलता बेहद निकट होती है। लेकिन कुछ लोग सफलता के लिए लंबी दूरी को भी तय करते हैं और इसके लिए वे जुनून की हद से भी आगे निकल जाते हैं।

प्रेरणा पाना एक ही बार में भोजन करने के समान नहीं है ।यह दिमाग के लिए भोजन है। जिसके द्वारा दिमाग को निरंतर और बार बार पोषित करना होता है।

केवल वही लोग औरों से बहुत आगे निकल जाते हैं-जो इस बात का जोखिम उठाते हैं कि लोगों की सोच से  कितना ज्यादा आगे निकला जा सकता है।

एक लक्ष्य की प्राप्ति करना, दूसरी मंजिल को हासिल करने का शुरुआती कदम होना चाहिए।

आपके एकीकृत विचार ही किसी कल्पना को साकार कर सकते हैं।

लोग परिस्थितियों को तो बदलना चाहते हैं लेकिन खुद को बदलना नहीं चाहते। इसीलिए वे उन्हीं परिस्थितियों में बंधे रह जाते हैं।

पैसे से कभी भी किसी आईडिया या विचार नहीं बनता, हमेशा एक आईडिया से ही पैसा बनता है।

मैं इस दुनिया में सिर्फ जिंदा रहने के लिए नहीं आया हूं। मैं आया हूं , अपनी जिंदगी जीने के लिए।

जीवन बहुत छोटा है। आज ही अपना लक्ष्य निर्धारित करके उसी दिशा में चलना शुरू कर दें।

सब तरफ ढेरों आईडिया देने वाले लोग मिल जाएंगे । आईडियाज बहुत हैं लेकिन उनका तब तक कोई मोल नहीं है, जब तक कि उन पर काम न किया जाए। किसी आईडिया पर जब काम किया जाता है और ये जब साकार रूप लेते हैं तो अनमोल हो जाते हैं।

अगर आप कोई काम सफलतापूर्वक पूर्ण करने में असफल हो जाते हैं, तो आप निराश हो सकते हैं। लेकिन यदि आप इस काम को पूरा करने की कोशिश ही नहीं करते तो आप बदकिस्मत ही हैं।

सफलता उन्हीं लोगों को मिलती है, जो अपने आइडियाज में विश्वास रखते हैं। उस वक्त भी, जब सभी लोग उस आईडिया में विश्वास करना छोड़ देते हैं।

प्रश्न इस बात का नहीं है कि आपको चोट नहीं लगी, प्रश्न इस बात का है कि क्या आप चोट लगने के बाद भी उठ खड़े हुए या नहीं।

मैं ऐसे किसी काम मैं असफल होना पसंद करूंगा,जिस में सफलता मिलना तय है, बजाए ऐसे काम में सफल होने के, जिस में असफलता मिलनी तय है।

सफलता पाना कोई चमत्कार या बहुत बड़ा रहस्य नहीं है बल्कि यह मूलभूत सिद्धांतों को पालन करने में ईमानदारी बरतना ही है।

सफलता की राह क्या है। सफलता की राह है, सफलता के रास्ते पर दृढ़ इच्छाशक्ति से निरंतर लक्ष्य की ओर बढ़ते जाना।

अगर आपके सपनों और महत्वकांक्षाओं में से संदेह को हटा दिया जाए तो ही आपका असली मोल जाना जा सकता है।

हां, मैं सफलता की कीमत जानता हूं। यह है, उस सपने के लिए समर्पण, मेहनत और न टूटने वाला धैर्य, जिसे आप साकार होते देखना चाहते हैं।

जो व्यक्ति यह कहता है कि जिंदगी में उसे कोई अवसर नहीं मिला।असल में उसने कभी किसी अवसर को पाने के लिए प्रयास ही नहीं किया।

सफलता उन्हीं को मिलती है, जो सफलता पाने के लिए प्रयास शुरु करते हैं।

आपकी सफलता, आपकी ही इच्छा पर निर्भर करती है।

मैं सफल क्यों हुआ हूं, इसका उत्तर है, क्योंकि मैं बार-बार असफल भी हुआ हूं।

हर रात सोने से पहले कुछ ना कुछ प्रेरणादायक अवश्य पढ़ें या सुनें और हर सुबह कुछ ना कुछ ऐसा सुनें जो आपकी सहायता करें।

जीतने से आप एक बेहतर इंसान नहीं बन सकते, लेकिन अगर आप बेहतर इंसान बन जाते हैं, तो आप वाकई विजेता है।

मैं जानता हूं कि मैं बेहद खास हूं और मैं खास हूं अपने वचन की प्रतिबद्धता के लिए, अपनी दूर दृष्टि के लिए और अपने सपने को सच करने के लिए कुछ भी करने को तैयार रहने के लिए।

कुछ भी पाने के लिए सबसे पहली शर्त है इच्छा होना। यह बात हमेशा दिमाग में रखें कि कमजोर इच्छा शक्ति से कमजोर परिणाम मिलते हैं। याद रखिए, जरा सी आग भी बहुत ज्यादा गर्मी तो पैदा नहीं कर सकती।

एक व्यक्ति वही बनता है, जिसमें वह विश्वास करता है।

यह एक दिमाग ही है, जो इंसान को खुश या निराश  रखता है। उसे बीमार करता है या स्वस्थ रखता है, उसे वह अमीर बनाता है या उसे निर्धन बनाता है।

जीवन के बारे में यह एक बड़ा रोचक तथ्य है कि यदि आप बेहतरीन से कम पर समझौता करने को तैयार नहीं होते, तो आप को बेहतरीन मिलता ही है।

आप जो कुछ भी जीवन में चुनाव करते हैं, उसी के आधार पर आपके पूरे जीवन का निर्माण होता है।

कभी भी हताश नहीं होना चाहिए। असफलता  और दूसरों के द्वारा नकार दिया जाना ही सफलता की और पहला कदम है।

अगर आप खुद में विश्वास रखेंगे, तो कोई भी आप को रोक नहीं पायेगा।

सफलता  पाने की प्रक्रिया में असफलताएं तो जरूरी ही हैं।

किसी चीज को पाने के लिए कामना ही नहीं करनी चाहिए, उसके लिए कोशिश करनी भी जरूरी है।

जिसने दूसरों पर विजय पा ली, वह ताक़तवर हो सकता है, लेकिन जिसने खुद पर विजय पा ली, वह तो शक्तिमान है।

जिस चीज को भी आप पाना चाहते हैं,उसके लिए हर कीमत चुकाने के लिए और हर कोशिश करने में कभी भी पीछे ना हटें।

किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए काम करना शुरू कर दो, उसके लिए हिम्मत अपने आप ही आ जाएगी।

अपने सपनों को डर के दायरे में कभी नहीं बांधना चाहिए।

हमेशा बड़ा करने की सोचो।क्योंकि आप सोचेंगे तो वैसे भी, तो क्यों ना बड़ा ही सोचा जाए।

हम अपने सपने के आधार पर ही बड़े हो सकते हैं। सब महान व्यक्ति बड़े सपने देखा करते हैं। ये लोग सर्दियों में भी आग की  रोशनी और ऊष्मा ढूंढ लेते हैं। हम में से कई लोग ऐसे हैं, जो अपने सपनों को मर जाने देते हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं,जो अपने सपनों में विश्वास रखते हैं और उसे पोषित करते हैं, उसकी रक्षा करते हैं, और अंततः वही लोग सफल होते हैं जो अपने सपने को पूरा करने के लिए पूरी दृढ़ता से लगे रहते हैं।

जब सफलता मिल जाती है, तो वह पिछली सभी गलतियों को मिटा देती है।

सफलता आत्मसंतुष्टि का ऐसा एहसास है, जो आपके खुद को महान बनाने के लिए, काम को सर्वश्रेष्ठ रूप से करने के लिए निरंतर की जाने वाली कोशिशों का परिणाम है।

जिंदगी की लड़ाईयां वे लोग नहीं जीतते,जो ज्यादा तेज हैं और ज्यादा ताकतवर हैं बल्कि वे जीतते हैं जो ये विश्वास रखते हैं कि वे जीत जाएंगे।

वे लोग वाकई विशेष हो जाते हैं, जो यह विश्वास करना आरंभ कर देते हैं कि वे सफल हो जाएंगे। और जब वे यह विश्वास करना आरंभ कर देते हैं, तो वे सफलता की ओर पहला कदम बढ़ा चुके होते हैं।

जिस दिन आप देना बंद कर देते हैं, उस दिन आप पाना भी बंद कर देते हैं और जिस दिन आप सीखना बंद कर देते हैं, उस दिन आप जिंदगी में आगे बढ़ना बंद कर देते हैं।

विजेता साधारण लोग ही होते हैं, जो असाधारण सोच और बड़े जिगर वाले होते हैं।

सपनों में और सफलता में सिर्फ एक ही फासला है और वह है कड़ी मेहनत का।

यह जरूरी नहीं कि जो लोग बहुत खुश हैं, उन्हें सब कुछ सर्वश्रेष्ठ ही मिला है। लेकिन वे चीजों को अपने तरीके से ढाल कर सर्वश्रेष्ठ रूप से उसका उपयोग लेते हैं।

जिंदगी में सफलता इस बात से नहीं आंकी जा सकती कि आपने क्या-क्या हासिल किया है। बल्कि इस बात से तय की जाती है कि क्या वाकई आप कुछ बेहतर बदलाव लाए क्या।

अपने लक्ष्य पर दृढ़तापूर्वक कार्य करते रहना ही सफलता का एकमात्र रहस्य है।

खुद को इस बात के लिए प्रेरित करें कि आप बड़े सपने देखें और उस सपने को साकार होने के बाद उस सुखद एहसास की कल्पना करें। यकीन करें , कि यह कल्पना आपको हकीकत में बदलनी है।

अगर कोई इंसान किसी चीज की कल्पना करने की क्षमता रखता है, तो यकीनन वह उस कल्पना को साकार करने की भी क्षमता रखता ही है।

सभी तरह के अविष्कार, सफलताओं, नई खोज, धन, संपत्ति, संपदा का स्रोत केवल और केवल नए विचार और आइडियाज ही हैं।

आप वे निशाने सौ प्रतिशत चूक जाएंगे, जिन पर आप तीर चलाएंगे ही नहीं।

मेरा आकलन उन असफलताओं की संख्या से नहीं होगा बल्कि सफलताओं की संख्या से होगा। और सफलताओं की यह संख्या वह होगी कि मैं जितनी बार असफल हुआ और उसके बाद भी उठ खड़े होकर फिर से सफलता के लिए प्रयत्न करने शुरू कर दिए।

कोई भी व्यक्ति बहुत सी बड़ी असफलताओं के बाद ही सफल हुआ है।

कई बार बेहद मध्यम दर्जे की काबिलियत वाले लोग भी असाधारण सफलता हासिल कर लेते हैं और इसका कारण यह है कि वे यह नहीं जानते कि कोशिश करना कब छोड़ देना है। अधिकतर वही व्यक्ति सफलता हासिल करते हैं जो दृढ़ निश्चय वाले होते हैं।

जिंदगी असीम संभावनाओं से भरी हुई है।

यह तय कर लो, और जान लो कि क्या हासिल करने लायक है और फिर उसे हासिल करने के लिए जी जान लगा दो।

सफलता असल में ऐसे काम में अपनी जिंदगी ढूंढ लेना है, जो काम आपका पहला प्यार है।

रचनात्मकता इस बात को स्वीकार करने में है कि आप में वाकई कोई विलक्षणता है।

मैं इस बात को मान ही नहीं सकता कि भगवान ने हमें इस धरती पर केवल साधारण व्यक्ति ही बना कर भेजा है।

जब आप इस बात का यकीन कर लेंगे, कि आप वह पा सकते हैं तो आप इसे आप वाकई में पा लेंगे।

और अंत में हम उसी लक्ष्य को भेदते हैं, जो लक्ष्य हम तय करते हैं।

सफलता पाने का कोई शॉर्टकट नहीं है बल्कि इसे रोजमर्रा के जीवन में सामने आने वाली चुनौतियों पर विजय पाना है।

हमारी इच्छाएं और महत्वकांक्षाएं ही हमारे लक्ष्य तय करती है।

ऐसा कुछ भी नहीं है जो प्रशिक्षण से हासिल नहीं किया जा सकता। यह बुरी आदतों को अच्छी आदतों में बदल सकता है। यह गलत नियमों को खत्म करके नियमों में सुधार कर सकता है और यहां तक कि एक इंसान को फरिश्ते में बदल सकता है।

साहस रखो । विश्वास रखो और निरंतर आगे बढ़ते चलो।

जीवन उन चीजों से बनता है जो हम करते हैं और इस करने में एक ही चीज सबसे महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच के साथ कार्य क्रियान्वित करना ।

एक असाधारण जिंदगी जीने से नीचे, कुछ भी कम में समझौता ना करें।

सफलता केवल कठिन परिश्रम से नहीं पाई जा सकती, इसके लिए आपको संगठित प्रयास एवं ईश्वर का आशीर्वाद भी चाहिए। अगर यह आपके साथ हैं,तो आपके पास जीतने की कला है।

आपको कोई ऐसी चीज खोजनी  होगी, जिसके लिए आप कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार  हों, सभी बाधाओं को पार करने के लिए तैयार हों। ऐसी सभी चुनौतियों का सामना करने के लिए, जो आपके रास्ते में आएं। यदि आपने यह एहसास नहीं जाग रहा कि आप उस चीज के लिए कुछ भी कर गुजरने के लिए तैयार हैं तो यकीन मानिए, आप पहली बड़ी रुकावट पर ही हार मान लेंगे।

नए विचारों के लिए सदैव अपने दिमाग की खिड़कियों को खुला रखें।

मैं लोगों से बेहतर इसलिए हूं क्योंकि मैं हमेशा सीखने के लिए तैयार रहा । मैं हमेशा एक विद्यार्थी बना रहा। क्योंकि हमेशा आप जिंदगी में कुछ ना कुछ नया अवश्य सीखते हैं।

सफलता का रहस्य क्या है। वह है, अपने आइडियाज पर रिसर्च करें, सफलता के लिए योजना बनाएं, सफलता के लिए ही काम करें और इसके लिए काम शुरु कर ही दें।

मैं भाग्य में विश्वास करने वाले व्यक्तियों में से ही हूं और मेरा यह दृढ़ विश्वास है कि मैं जितना कड़ा परिश्रम करूंगा उतना ही अधिक भाग्यशाली होता जाऊंगा।

आपको रोजाना बस इस बात को तय करना है कि जब आप जागें, तो दृढ़ निश्चय के साथ और जब आप सोने के लिए जाएं तो पूर्ण संतोष के साथ।

उत्साह और जुनून के बिना कोई भी बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं की जा सकती।

मुसीबतों में से ही चमत्कार निकलते हैं।

इतिहास इस बात का गवाह है कि केवल वही लोग महान हुए हैं जिन्होंने अपने आईडिया पर काम करना छोड़ा नहीं, अच्छे वक्त में भी और बुरे वक्त में भी।

हमें इन दोनों में से कोई ना कोई एक चीज तो झेलनी पड़ेगी या तो अनुशासन का कड़ा पाठ और या फिर कुछ भी ना करने का पछतावा।

जो आप देख नहीं रहे, उस विश्वास को आस्था कहते हैं और आस्था रखने का फल उस परिणाम में है, जो वाकई आप देखते हैं।

हम सभी सपनों को साकार कर सकते हैं , बशर्ते हम उन्हें आगे बढ़ाने के लिए साहस करें।

सफलता पाने के लिए आपको अपनी सोच पर यकीन होना जरूरी है और इस पर दिलोजान से काम करना भी।

इस चीज का विश्वास कायम करो कि नई आशाओं का उदय हो रहा है। विश्वास करो कि आपके सपने साकार होंगे। एक सुनहरे भविष्य में, एक सुनहरे कल में विश्वास करो। सबसे पहले विश्वास करो, खुद पर।

चांद को पाने की कोशिश तो करो, अगर तुम कामयाब नहीं हुए तो भी खुद को सितारों में ही पाओगे।

निर्णय लेने के कुछ पल ही आपकी जिंदगी और आपकी किस्मत का फैसला करते हैं।

उस मंजिल को पाने के लिए ध्यान केंद्रित करो, जिसे आप पाना चाहते हो। न कि वर्तमान स्थितियों पर जिसमें आप जी रहे हो।

जो चीज आप आज ही नहीं कर  रहे, आप यह कैसे यकीन कर सकते हो कि आप उसे कल करोगे।

आपको केवल एक ही बात का डर दिमाग में होना चाहिए और वह है अपना सौ प्रतिशत ना देना।

आप चीजों को देखते हैं, और सवाल करते हैं,क्यों। मैं उन चीजों के सपने देखता हूं, जो वास्तविकता में अभी नहीं हैं और कहता हूं, क्यों नहीं।।

केवल वे ही कर सकते हैं,जो यह सोचते हैं कि वे कर सकते हैं।

जीतने की शुरुआत,शुरू करने से होती है।

अगर आप वह काम करेंगे, जो लोग अमूमन करते हैं तो आप वही पाएंगे, जो लोग अमूमन पाते हैं।

जिंदगी का असली मजा, ज्ञान में नहीं, बल्कि क्रियान्वन में है।

सफलता कोई हाई जंप या लॉन्ग जंप नहीं है, बल्कि यह निरंतर चलने वाली मैराथन यानी लंबी रेस के कदम है।

यदि अवसर दस्तक नहीं दे रहे हैं, तो आप दरवाजा निर्मित कर लीजिए।

असफलता का सामना करना उतना दुखदाई नहीं है, जितना कि कोशिश न करने के पछतावे का दुख़।

सफल व्यक्ति वही सब काम करते हैं, जो की असफल व्यक्ति करने की हिम्मत नहीं करते।

यदि आपने कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है, तो अनुशासन खुद को सजा देने जैसा ही है।

अपनी जिंदगी का कोई भी दिन ऐसा न जाने दें, जबकि आप यह ना कह पाएं कि मैं कल इससे बेहतर करूंगा।

जो लोग सफल होना चाहते हैं, उनके शब्दकोश में, नहीं किया जा सकता, शब्द नहीं होते।

असली सफलता चीजों को हासिल करने में नहीं है, बल्कि खुद पर विजय पाने में है।

मैं असफल नहीं हुआ हूं मुझे 10,000 ऐसे तरीके मालूम पड़े जो कारगर नहीं हैं।

आने वाला कल, यहीं पल हैं।

अगर आपकी जिंदगी में असफलताएं ही नहीं आ रही है, तो इसका अर्थ है कि आप बहुत कम जोखिम ले रहे हैं।

सफलता पाने का यह रहस्य है कि जब भी कोई अवसर आए, उसके लिए आप तैयार रहो।

असाधारण काम करके दिखाओ, उनके सिर्फ सपने ही ना देखो।

लोगों की उम्मीदों से बहुत आगे बढ़ जाओ। असल में हमें कोई बहुत असाधारण काम नहीं करने, बल्कि साधारण कामों को ही असाधारण रूप से बेहतर करना है।

किसी चीज का अभ्यास करना, किसी माल को बेचने के समान है। यदि आप माल बेचते हैं, तो इससे आप की रोजी रोटी चलती है। लेकिन यदि आप अपनी योग्यता पर काम करते हैं, तो आप अपनी किस्मत चमका सकते हैं।

दुनिया केवल उसी व्यक्ति के लिए ही रास्ता बनाती है, जो यह जानता है कि उसे कहां पहुंचना है।

हम खुद से क्या उम्मीद लगाते हैं, इसी पर हमारी सफलता और हमारी सीमाएं निर्भर करती हैं। क्योंकि हमारा दिमाग जिस तरह से सोचेगा, वैसे ही हम काम करना शुरू कर देंगे।

आप किसी भी वक्त एक नई शुरुआत कर सकते हैं। क्योंकि असफल शब्द असल में गिरना नहीं है, बल्कि गिरे रहना है।

कदम दर कदम चलने से ही मंजिल हासिल होती है। इसके अलावा लक्ष्य हासिल करने का मुझे कोई तरीका मालूम नहीं है।

क्योंकि हम अपने आज पर शक करते हैं, इसीलिए हम आने वाले कल को साकार रूप नहीं दे पाते।

आपको सिर्फ अपने आज के लिए ही योजना बनानी है और आज ही उस पर काम करना है। लेकिन इस आज बनाई हुई योजना पर हर रोज काम करना है।

एक निराशावादी व्यक्ति हर अवसर में समस्या ढूंढ लेता है। जबकि एक आशावादी व्यक्ति, हर समस्या में कोई ना कोई अवसर ढूंढ लेता है।

जीतने के लिए, आपको नुकसान का जोखिम तो उठाना पड़ेगा।

ऊंची उम्मीदों से ही बड़ी सफलता मिलती है।

सफलता नाम की कील ठोकने के लिए दृढ़ता और निरंतरता नाम के हथौड़े की जरूरत पड़ती है।

हम उन पर्वतों पर विजय हासिल नहीं करते, बल्कि खुद पर करते हैं।

उद्यमी वे लोग होते हैं, जो समस्याओं और सफलता के बारीक फर्क को पहचान पाते हैं और इन दोनों ही परिस्थितियों को लाभप्रद बनाना जानते हैं।

किसी भी इंसान के जीवन स्तर को इस तरह आंका जा सकता है कि बेहतरीन पाने के लिए उसकी प्रतिबद्धता कितनी है।इससे फर्क नहीं पड़ता कि वह किस क्षेत्र में काम कर रहा है।

जब आप प्रयास करने छोड़ देते हैं, तो यह आपकी आदत ही बन जाती है।

जो व्यक्ति बेहतर करने के प्रयास छोड़ देता है, वह अच्छा भी नहीं रह पाता।

यदि आप यह मान लेते हैं कि बीते हुए कल में आपने कुछ बड़ा किया है, तो यकीन मानिए आज आपने कुछ भी नहीं किया।

जो व्यक्ति जिज्ञासा रखता है और प्रश्न पूछता है, वह मात्र 5 मिनट के लिए मूर्ख समझा जाता है। लेकिन जो व्यक्ति जिज्ञासा ही नहीं रखता वह ताउम्र मूर्ख बना रहता है।

असफलता, सफलता की ओर बढ़ने वाला एक कदम है।

हमेशा अपना बेहतरीन करो, क्योंकि जो आप बोओगे, वही तो आप कल काटोगे।

संभव और असंभव के बीच का मुख्य फर्क इंसान की इच्छा शक्ति है।

हमारे जीवन की अधिकतर रुकावटें खत्म हो जाएं। यदि हम उनसे भयभीत होने के बजाए उनका सामना करने की ठान लें।

रुकावटें वे हैं, जो लक्ष्य से हमारी नजर को हटा देती हैं।

कोई भी इंसान जो यह कहता है कि यह काम नहीं हो सकता। उसे, उस व्यक्ति के काम में दखल नहीं देना चाहिए, जो कि यह काम कर रहा है।

यह लड़ाई उस वक्त जीती जाती है या हारी जाती है, जब सामने कोई दर्शक नहीं होते। यह लड़ाई जिम में पसीना बहाते वक्त लड़ी जाती है, यह लड़ाई अभ्यास के वक्त लड़ी जाती है। यह लड़ाई उस वक्त से बहुत पहले जीती जाती है, जब आप प्रति स्पर्धा के लिए मैदान में खड़े होते हैं।

जो व्यक्ति दृढ़तापूर्वक अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगा रहता है, सफलता अंततः उसे ही मिलती है।

इंसान की असली परीक्षा उस वक्त नहीं होती, जब वह आराम और सुकून में होता है। बल्कि उस वक्त होती है जब परिस्थितियां विपरीत होती हैं और उसके सामने चुनौतियां होती हैं।

मनुष्य एक ऐसा जीव है,जिसके लिए असंभव शब्द उस वक्त गायब हो जाता है जब उसके लक्ष्य पर कोई आंच आए।

कोई भी सपना सिर्फ एक सपना ही होता है, लेकिन एक योजना और इसके समापन का निर्धारित समय इसे एक लक्ष्य में परिवर्तित करता है।

सपने देखना अच्छी बात है। लेकिन सपने देखने के साथ-साथ इस पर काम करना बेहतर है। विश्वास रखना अच्छी बात है, लेकिन विश्वास रखने के साथ साथ काम करते रहना बेहतर है। किसी चीज की इच्छा करना अच्छी बात है लेकिन इच्छा के साथ-साथ उसकी प्राप्ति के लिए काम करना बेहतरीन है।

कुछ लोग सफलता पाने का सपना देखते हैं। लेकिन मैं यह मानता हूं कि बहुत सारी असफलताएं और आत्मनिरीक्षण ही सफलता की ओर जाने वाला रास्ता है।

भविष्य उन्हीं लोगों का होता है, जो खुद के सपने पर दृढ़ विश्वास रखते हैं।

हम तब तक  खुद को नहीं पहचान पाते, जब तक हम यह न जान लें कि हम क्या क्या कर सकते हैं।

यदि हमने जिंदगी में कोई जोखिम ही नहीं उठाया, तो हमने जिया ही क्या है।

कड़ी मेहनत में अक्सर बहुत से अवसर छिपे होते हैं। यही कारण है कि लोग इन्हें देख ही नहीं पाते।

यदि आप अपने लक्ष्य की घोषणा कर देते हैं और उसके लिए प्रयास शुरू कर देते हैं तो निसंदेह आप इस लक्ष्य पर विजय हासिल कर लेंगे।

आप शुरुआत तो कीजिए। क्योंकि आप जो कुछ भी सोचते हैं,केवल उसी के आधार पर तो आप पहचाने नहीं जा सकते।

जब आप यह देखते हैं कि ऐसी स्थिति आ चुकी है, जहां से आप बाहर नहीं निकल सकते, हर चीज आपकी बिल्कुल खिलाफ जा रही है। आप इस चुनौतीपूर्ण स्थिति को एक पल भी और नहीं सहन कर पा रहे। और उस वक्त आप हार मानने से इनकार कर देते हैं। असल में यही वह वक्त होता है,जब आप बाजी पलट देते हैं।

मैंने अपनी जिंदगी में यह बहुत गौर से देखा कि वे लोग जो जीवन में सफल हैं, वे अवसरों का इंतजार नहीं करते बल्कि खुद ही अवसर निर्मित करके उसे सफलता में बदल देते हैं।

उम्मीद ही है, जो न दिखाई देने वाली चीजों को देखती है।स्पर्श न की जा सकने वाली चीजों को महसूस करती है। और असंभव लगने वाली चीजों को साकार कर देती है।

बुद्धिमान लोगों की प्रशंसा होती है, धनवान लोगों से लोग जलन रखते हैं। ताकतवर लोगों से लोग डरते हैं, लेकिन केवल उन्हीं व्यक्तियों पर लोग विश्वास करते हैं, जो उसूल के पक्के होते हैं।

जब भी आप रोजाना जागते हैं और अपनी स्थिति से खुश नहीं है तो आप काम के लिए बाहर जाइए या घर से काम शुरू कीजिए। आप कुछ भी कीजिए, यदि आप अपने काम के प्रति उत्साही ही नहीं है,तो आप जिंदगी में कुछ भी नहीं कर सकते।

यदि आप निरंतर कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे, तो सफलता आपको मिलकर ही रहेगी।

यदि आप वही करते रहेंगे, जो आप पहले से करते आ रहे हैं, तो आज भी आप वही बने रहेंगे, जो आप पहले थे।

यदि आप किसी भी क्षेत्र में नंबर वन बनना चाहते हैं, तो सर्वप्रथम, ये मानकर अभ्यास कीजिए कि आप नंबर दो हैं।

अपने खुद में सकारात्मक बदलाव ना लाकर आप वही बने रहेंगे, जो आप कल थे। लेकिन वह स्थिति बेहद खराब होती है जब आप किसी ऐसे व्यक्ति से मिलते हैं, जो वह बन चुका है, जो आप बनना चाहते थे, लेकिन आपने इसके लिए प्रयास नहीं किए।

महत्वाकांक्षा सफलता की सबसे बेहतरीन मित्र है।

असफल  होने का सिर्फ एक ही तरीका है और वह है प्रयास करने छोड़ देना।

यदि आप जीतना चाहते हैं, तो सबसे पहले उन लोगों से मिलें, जो हार चुके हैं।

आप वह हर चीज हासिल कर सकते हैं, जो आप चाहते हैं यदि आप उन लोगों को वह सब चीजें उपलब्ध कराएं, जो कि वे पाना चाहते हैं।

प्रयास करना और उसमें असफल हो जाना पाप नहीं है लेकिन प्रयास ही न करना पाप है।

जीवन से जीवन की शुरुआत होती है।

ऊर्जा से ही ऊर्जा निर्मित होती है।

और खुद को खर्च करने से ही इंसान धनवान बनता है।

जैसे आप प्रयास करेंगे, वैसे ही आपको परिणाम मिलेंगे।

कभी-कभी आपको जिंदगी एक सुरंग की भांति लगती है । जहां आपको प्रकाश की कोई किरण नजर नहीं आती लेकिन आप उस पर ध्यान  ना दें, बल्कि सुरंग के पार दिखाई देने वाली रोशनी पर ही ध्यान केंद्रित रखें, तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

अपना काम पूरा दिलोजान लगाकर करें, तो आप अवश्य सफल हो जाएंगे। क्योंकि ऐसा करने वालों का कोई प्रतिस्पर्धी नहीं है।

आप की वर्तमान स्थिति, आपकी असली योग्यताओं को नहीं दर्शाती।

जब आप बड़ा करने की सोचते हैं, तो आपके परिणाम भी बड़े ही होते हैं।

जिंदगी बदलाव का नाम है, और तरक्की करना आपके हाथ में हैं। अब निर्णय आपको करना है।

किसी भी बड़े काम की शुरुआत करने के लिए आपको महान होना जरूरी नहीं है। लेकिन महान बनने के लिए आपको काम की शुरुआत करना जरूरी है।

वह इंसान जिसको अपनी मंजिल का पता है वह उबड़ खाबड़ रास्ते होते हुए भी मंजिल पर पहुंच जाता है। लेकिन वह व्यक्ति, जिसको अपनी मंजिल का नहीं पता, वह बिल्कुल साफ रास्ते होते हुए भी कहीं भी नहीं पहुंच पाता।

जब आप वह कर रहे हैं, जो आप करना पसंद करते हैं तो आपको कभी भी काम पर जाने की जरूरत नहीं पड़ती।

मैं जितना अधिक कड़ा परिश्रम करता जाऊंगा, मैं उतना ही अधिक भाग्यशाली बनता जाऊंगा।

हमें ऐसे लोगों की जरूरत है, जो ऐसी चीजों के बारे में सोच सकते हैं, जो अस्तित्व नहीं रखती।

प्रतिस्पर्धा का असली अर्थ है खुद से प्रतिस्पर्धा करना। आप बीते हुए कल से क्या आज बेहतर हैं, यह असल में खुद में सुधार लाना है।

आप ऐसे सपनों को पोषित कीजिए, जो आप को अपनी सीमाओं से भी आगे जाने के लिए प्रेरित करें।

यदि आप चाहते हैं कि आपकी सफलता की दर दोगुना हो जाए, तो आप अपनी असफलताओं की दर दोगुना कर दीजिए।

आप सर्वश्रेष्ठ तब बनते हैं, जिसे लोग बुद्धिमानी समझते हैं, उससे अधिक परवाह करते हैं।

जिसे लोग सुरक्षित समझते हैं, उतना ही अधिक आप जोखिम लेते हैं।

जिसे लोग व्यवहारिक समझते हैं, उतने ही अधिक आप सपने देखते हैं। और उससे भी अधिक उम्मीद करते हैं, जितना लोग मानते हैं कि संभव हो सकता है।

मानव इतिहास साधारण लोगों द्वारा रचा गया है। जिन्होंने अपने दिमाग से डर को हटा दिया और असाधारण काम कर दिखाए।

इस वक्त जो पल हैं, वह कभी दोबारा नहीं आएंगे।

इसलिए मैं इन पलों का पूरा उपयोग करूंगा।

और मैं खुद भी कभी दोबारा नहीं मिलूंगा, इसलिए मैं अपनी क्षमता से भी ज्यादा कर दिखाऊंगा।

जब प्रयास करने भी बेहद कठिन मालूम होने लगते हैं, उस वक्त जो व्यक्ति हार नहीं मानता, वही असल में जीत हासिल करता है।

कुछ लोग कितने भाग्यशाली पैदा होते हैं कि वे अपने सामने आने वाली मुसीबतों और चुनौतियों से हार मानने से मना करने का दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति रखते हैं।

पहले खुद से यह कहो कि तुम क्या बनना चाहते हो और फिर इसके लिए जो कुछ भी करना पड़े, कर गुजरो।

वह बन जाओ, जो कुछ भी आप बन सकते हो।

मेरे ख्याल से सफलता हासिल करना असल में उस वक्त डटे रहना है, जब सब लोग हिम्मत हार कर मैदान छोड़ देते हैं।

जिंदगी में केवल एक ही निर्णय कि आप कोई लक्ष्य निर्धारित कर ले और उसके लिए जी जान लगा दें।बस सफलता पाने के लिए यही काफी है।

यदि आप खुद पर भरोसा रखते हैं, तो बहुत सी मंजिलें तय कर सकते हैं।लेकिन यदि आप इस पर भरोसा करेंगे कि आप असफल हो चुके है तो यह यात्रा ही समाप्त हो जाएगी।

जब आप कोई काम शुरू करते हैं, उस से पूर्व ही खुद में यह भरोसा रखें कि मैं इसे पूरा करूंगा। दुनिया में सभी विजेता इसी उम्मीद से शुरुआत करते हैं। विजेता हमेशा यही कहते हैं मैं यह करना चाहता हूं और मैं इसे पूरा अवश्य करूंगा। विजेता कभी यह नहीं कहते कि मैं यह करना चाहता हूं लेकिन मुझे नहीं लगता कि मैं यह कर पाऊंगा।

हमेशा सर्वोच्च स्थिति के लिए ही अपना लक्ष्य निर्धारित करें। क्योंकि सर्वोच्च स्थिति वह है, जहां पर हर कोई पहुंचने का ख्वाब भी नहीं लेता, क्योंकि वहां बहुत अकेलापन है।

कुछ लोग सपने देखते हैं और कुछ लोग जागते रहते हैं ताकि इन्हें पूरा कर सके।

गौर से सुनना सीखें कभी कभी अवसर बहुत धीरे से दस्तक देते हैं।

महान व्यक्ति किसी उद्देश्य के लिए काम करते हैं, जबकि आम लोग अपने इच्छाओं की पूर्ति के लिए।

कभी कभी अपनी मंजिल की ओर चलते हुए ऐसा वक्त आ जाता है, जहां से आप मुड़ कर वापस नहीं आ सकते बल्कि आपको चलते चलते अपने मंजिल को हासिल करना ही होता है।

बस यह तय कर लीजिए कि आपको क्या पाना है और इसके एवज में आप क्या देने जा रहे हैं।

अपनी प्राथमिकताएं तय कर लीजिए और उन पर काम करना आरंभ कर दीजिए।

अंतिम परिणाम को दिमाग में रखकर ही शुरुआत करें।

जीवन में वही लोग सफल हुए हैं, जिन्होंने हर एक पल का सदुपयोग किया है।

ऐसे लक्ष्य जो लिखे नहीं जाते,वे  केवल इच्छाएं मात्र हैं।

आप क्या नहीं कर सकते, को, आप क्या कर सकते हैं, में दखलअंदाजी करने की इजाजत न दें।

वही चीज जो असंभव दिखाई देती है, भरोसा रखने मात्र से ही, अगले ही पल संभव दिखाई देने लग जाती है।

आप का असफल होना बिल्कुल असंभव है । हमेशा यही सोचकर काम को अंजाम दें।

जब आप यह भरोसा कर लेते हैं कि आप यह काम कर लेंगे, आप आधी लड़ाई उसी वक्त जीत चुके होते हैं।

हार का और जीत का बीज हमारे ही दिमाग में है और हमें ही यह तय करना है कि हम किसे पोषित करना चाहते हैं।

अपने सपनों पर विश्वास करना शुरू करो और अपने संदेहों पर से विश्वास हटा दो।

सफलता ऐसे छोटे-छोटे प्रयासों का ही योग है, जिन्हें हम रोजमर्रा की जिंदगी में करते हैं।

यदि आप कोई काम बेहतरीन तरीके से करना चाहते हैं, तो आप इसे खुद कीजिए।

आप जो भी हैं, बस उसमें बेहतरीन बन जाएं।

असल में असफलता वही है, जिससे हमें कुछ भी सीखने को ही नहीं मिलता।

सफलता हमारी पहले से की गई तैयारियों पर निर्भर करती है। यदि हम पहले से कोई तैयारी नहीं करते, तो हमारा असफल होना तय है।

ठोकर खाने में और गिर जाने में फर्क होता है।

आने वाला कल उन्हीं का है , जो दूर दृष्टि रखते हैं।

अगर आप खुद पर विजय पाने में कामयाब हो जाते हैं, तो आप दुनिया पर भी विजय पा सकते हैं।

एक बुद्धिमान व्यक्ति उससे कहीं अधिक अवसर निर्मित कर लेता है, जितने अवसर उसे मिलते हैं।

कभी कभी छोटे अवसर भी बड़े-बड़े कारनामों को अंजाम देने की शुरुआत भर होते हैं।

हर दिन को ऐसे जियो, मानो यह जिंदगी का आख़िरी दिन है।

मुझे बीते हुए कल के इतिहास में अधिक रुचि नहीं है, मुझे रूचि है, आने वाले कल के सपनों को साकार करने में।

अपने भविष्य को अपने अतीत का बंधक न बनाओ।

जो मैं बनना चाहता हूं, मैं उसके लिए क्या त्याग करने के लिए तैयार हूं।

कभी-कभी आपको एक बेहतर और परिष्कृत इंसान बनने के लिए और पहले से समझदार बनकर एक नए इंसान के रूप में पैदा होने के लिए, अंदर से कभी-कभी मरना भी पड़ता है।

उन इंसानों के लिए भी हमेशा सम्मान दर्शाएं, जो इस योग्य नहीं है। उनका चरित्र दर्शाने के लिए नहीं ,बल्कि खुद का चरित्र दर्शाने के लिए।

अगर आप दुनिया से यह उम्मीद करते हैं कि वह आपके साथ अच्छी बनी रहे तो आप गलत हैं। क्योंकि यह बिल्कुल वैसा ही है कि आप शेर से यह उम्मीद करें कि वह आपका शिकार नहीं करेगा, क्योंकि आप उसका शिकार नहीं कर रहे।

चीजों के पीछे मत दौड़ो ना ही चीजों की भीख मांगो।तनाव मत लो, न ही उतावलापन दर्शाओ। कुछ आराम करो।क्योंकि जब आप थोड़ा संयम रखोगे, तो चीजें स्वयं आपके पास आ जाएंगी।आपकी चाहतों को भी आपकी चाहत होने दो।

अगर प्यार दर्शाया ना जाए, तो यह असल में नहीं है। यदि कोई सुबूत ना हो,  तो विश्वास नहीं है।और यदि कोई व्यक्ति बाद में बदलता नहीं है, तो उसके क्षमा मांगने का कोई अर्थ नहीं है।

तब तक प्यार डूबकर ना करो, जब तक यह भरोसा ना हो जाए कि दूसरा भी आपको उतना ही डूब कर प्यार करता है।क्योंकि आज आपके प्यार की गहराई ही कल आपके ज़ख़्म की गहराई बन सकती है।

धैर्य बहुत बड़ी शक्ति है।

एक चतुर व्यक्ति समस्या को सुलझाता है और एक समझदार व्यक्ति समस्या से दूर रहता है।

यदि उन्हें आपकी अस्थाई तौर पर ही जरूरत है, तो ऐसे लोगों को जिंदगी से स्थाई तौर पर बाहर कर दें।

अपनी मुश्किलें दूसरों को मत बताएं 20% लोग इसकी परवाह नहीं करते और शेष 80% लोग इससे खुश ही होते हैं कि आप परेशान हैं।

जिंदगी में आपको वाकई जो चीज चाहिए, वह बहुत मुश्किल से मिलती है।

आप तूफान को शांत नहीं कर सकते। बेहतर है आप शांत रहिए,  तूफान तो निकल ही जाएगा।

अपनी खुशियों की चाबी, किसी दूसरे व्यक्ति की जेब में ना डालें।

कभी भी दूसरे व्यक्ति की भावनाओं को हल्के से मत लीजिए। आप नहीं जानते कि वह आप पर कितना विश्वास करता है, और उसने आपके साथ दिल की बात करने के लिए कितना साहस जुटाया है।

मैं पागल नहीं हूं। मैं जख्मी हूं।

दोनों में फर्क है।

जिसने आप को तोड़कर रख दिया है, उसके पास वापस कतई ना जाएं।

आप जितनी ज्यादा चोटें खाओगे, उतना ही ज्यादा बदल जाओगे।

किसी पर विश्वास करते समय सावधान रहें क्योंकि शैतान भी किसी वक्त फरिश्ता हुआ करता था।

कमरे में सबसे अधिक शांत व्यक्ति से सावधान रहो।

जब आपकी प्राथमिकताएं तय हो जाती हैं, तो आप को निर्णय लेने में आसानी रहती है।

जिंदगी में बड़े बदलाव लाना बहुत डरावना हो सकता है। लेकिन यकीन मानिए, इससे भी अधिक डरावना है पछतावा होना।

सख्त और नरम होने के दोनों ही गुण रखने वाले व्यक्ति विरले ही होते हैं।

दोस्ताना चेहरे रखने वाले खूब शैतान  हैं इस दुनिया में और साथ ही जख्मी चेहरों वाले फरिश्ते भी।

यदि आप थक गए हैं, तो कुछ आराम कर लीजिए। लेकिन कोशिश करना छोड़ने की तो सोचना भी मत।

लोगों को उनकी पसंद के लिए, अपनी राय मत कायम कीजिए। आप को नहीं मालूम कि उन्होंने किन परिस्थितियों में किस का चुनाव किया है।

गुणवत्ता वह है जब  आप उस वक्त भी बेहतरीन करते हैं जब कोई भी नहीं देख रहा हो।

आपको उस वक्त मालूम पड़ता है कि आप कितने अकेले हैं जब आपके पास बातें करने के लिए बहुत सी चीजें होती हैं, लेकिन बात करने वाला पास में कोई नहीं होता।

किसी का दिल दुखाना समंदर में पत्थर फेंकने के समान है, लेकिन आप इस का कभी अंदाजा नहीं लगा सकते कि वह पत्थर कितनी गहराई तक गया।

सबसे मुश्किल लड़ाई वह होती है, कि आपका दिल क्या जानता है और आप क्या महसूस करते हैं।

इस चीज से डरना छोड़ दो कि क्या गलत होने वाला है बल्कि इससे अधिक रोमांचित रहो कि क्या अच्छा होने वाला है।

इस तरह से व्यवहार कीजिए मानो आप लोगों पर भरोसा करते हैं, लेकिन कीजिए मत।

सबसे खूबसूरत मुस्कुराहटों के पीछे सबसे बड़े रहस्य छिपे होते हैं। सबसे अधिक खूबसूरत आंखों के पीछे बहुत से आंसू और सबसे अधिक साफ दिल में बहुत से जख्म।

आप अपनी आत्मा को सबसे ज्यादा नुकसान उस वक्त पहुंचाते हो, सबसे अधिक कष्ट उस वक्त देते हो, जब आप उन चीजों को बार-बार याद करते हो, जो पहले हो चुकी हैं और जिन्हें बहुत पहले भुला दिया जाना चाहिए था।

मैं याद रखूंगा और इससे उबर भी जाऊंगा। लेकिन ना तो माफ करूंगा और ना ही भूलूंगा।

लोग कहते हैं कि आप अकेले होते हैं तो सबसे अधिक तन्हा होते हैं लेकिन मैं कहता हूं कि जब आप गलत लोगों की संगत में होते हैं, तब सबसे अधिक अकेले होते हैं।

हमारी आत्मा तो यह जानती है कि इसे चोट से कैसे उबरना है लेकिन दिमाग को चुप कराना सबसे बड़ी चुनौती होती है।

जीवन में तीन चीजें कभी भी नहीं तोड़नी चाहिए, विश्वास, दिल और वायदा।

हां, बेशक मैं बहुत बढ़िया इंसान हूं। लेकिन यदि आप बार-बार सीमाओं को तोड़ेंगे, तो मैं बहुत जल्द ही बदलने वाला हूं।

वे पंछी, जो पिंजरों में जन्म लेते हैं, उड़ने को एक बीमारी समझते हैं।

वे छोटी-छोटी बातें वे छोटे-छोटे लम्हे। लेकिन असल में  ये छोटे तो नहीं होते।

यदि कोई चीज ₹1000 की है और वह डिस्काउंट पर ₹750 में मिल रही है और आप इसे खरीद लेते हैं तो आप ₹250 नहीं बचाते, ₹750 खर्च कर देते हैं।

संगीत से या तो आप सब कुछ भूल जाते हैं या फिर भूला हुआ सब कुछ आपको याद आने लगता है।

उस स्थान पर खुशियां ढूंढने की कोशिश मत करो, जहां पर आपने इन खुशियों को खोया है।

यदि आपका दिल बुरी तरह टूटा है और आप फिर भी लोगों से बहुत अच्छे से पेश आते हैं,तो आपको समुद्र की गहराई से भी अधिक प्यार मिलना चाहिए।

आपका दिमाग उस मंजिल पर पहले से ही पहुंच जाना चाहिए, जहां आप वास्तविक जिंदगी में पहुंचना चाहते हैं।

लोगों को दूरियां कभी दूर नहीं करती, खामोशी करती है।

कभी भी किसी की चुप्पी को उसकी कमजोरी नहीं समझना चाहिए। समझदार लोग अपनी योजनाओं का पहले से ही ढिंढोरा नहीं पीटते।

कुछ लोग आपसे बातें करके समय निकालते हैं और कुछ लोग आपसे समय निकालकर बातें करते हैं।

अभी करें। कभी फिर करेंगे का अर्थ होता है कि आप इस काम को बिल्कुल नहीं कर पाएंगे।

सोने से कोई फायदा नहीं होता, यदि आपकी आत्मा थकी हुई है तो।

आप मेरी जिंदगी की किताब में सीधे ही 783 पृष्ठ संख्या पर जा कर यह राय नहीं बना सकते कि आप मुझे पूरी तरह जानते हैं।

कभी भी सूअरों के साथ कुश्ती मत लड़ो। क्योंकि गंदगी में तो आप दोनों ही लिपट जाओगे, लेकिन सूअर को तो गंदगी में मजा ही आता है।

मैंने लोगों के बारे में सीखा है कि यदि इसे वे एक बार करते हैं, तो वे इसे बार-बार करते हैं।

सब को जाने दो और फिर यह देखो कि कौन आपके साथ रुकता है।

बुरी बात यह है कि समय बहुत तेजी से उड़ता है। लेकिन बढ़िया बात तो यह है कि पायलट तो आप ही हैं।

दरवाजे उन्हीं के लिए ही खुलते हैं, जो दरवाजा खटखटाने का साहस रखते हैं।

आप सबसे जबरदस्ती इज्जत करवा तो नहीं सकते ,लेकिन बेइज्जती बर्दाश्त करने से मना तो कर सकते हैं।

घड़ी की ओर मत देखो। जो यह करती है, वह करो।चलते जाओ, निरंतर।

समय दिखाने वाली घड़ी भी अगर रुक जाती है तो वह समय से पीछे रह जाती है।

मैं दर्द बर्दाश्त कर सकता हूं इतनी हिम्मत रखता हूं। इसका अर्थ यह नहीं है कि मैं इस का पात्र हूं।

मैंने तुम पर विश्वास किया, लेकिन तुम्हारी बातें अब मुझ पर कोई भी असर नहीं करती। क्योंकि जो तुम करते हो, उससे तुम्हारा सच सामने आ चुका है।

मैं बीच में ही छोड़ने के लिए इतनी दूर तक नहीं आया।

इससे फर्क नहीं पड़ता कि आप क्या जानते हैं। इससे फर्क पड़ता है कि आप असल में क्या क्रियान्वित करते हैं।

यदि आप भी उतना ही हैं भूखे नहीं हैं, जितना कि मैं हूं तो हम साथ भोजन कैसे कर सकते हैं।

आपको अपनी जिंदगी में बदलाव खुद ही लाना होगा, कोई दूसरा आकर यह काम नहीं करेगा।

जबसे मैंने अपने बहानों को छोड़ दिया, उसके बाद ही मैंने सफलता को पाया है।

सांप कितनी ही बार अपनी चमड़ी क्यों ना छोड़ दे, लेकिन रहता वह हमेशा सांप ही है।

खाना सभी चाहते हैं, लेकिन शिकार कोई नहीं करना चाहता।

जब आप किसी चीज को चाहते हैं, उस वक्त नहीं, बल्कि उस समय, जब उसे  पूरी शिद्दत से पाना चाहते हैं, तब आप उस चीज को पाने का रास्ता ढूंढ लेते हैं।

जिंदगी सरल नहीं है। बेहद कठोर है, तो क्यों ना आप भी इसी की तरह बन जाओ।

असफलता, सफलता का विलोम नहीं है। बल्कि यह सफलता का एक हिस्सा है।

एक दिन आप यह दुनिया छोड़कर चले जाओगे, लेकिन जिंदगी ऐसे जियो कि सब याद रखें।

0% किस्मत,

100% मेहनत।

आज आप जो दर्द महसूस कर रहे हैं, कल वो ही आपकी ताकत बनेगा।

आप खुद में यकीन रखो, फिर आपको कोई भी चीज़ नहीं रोक पाएगी।

मैं सपने नहीं देखता, मैं लक्ष्य सामने रखता हूं।

असफल लोग प्रयास करना बीच में ही छोड़ देते हैं। जबकि विजेता तब तक प्रयास करना नहीं छोड़ते, जब तक वह जीत नहीं जाते।

किसी भी विषय का विशेषज्ञ, किसी समय नौसिखिया ही था।

मुश्किल हालातों से मजबूत लोग निकल कर आते हैं।

अकेले लड़ना सीखो।

गरीब लोग पार्टी करने के लिए कमाते हैं और धनवान लोग आने वाली पीढ़ियों के लिए।

आज का दर्द, कल की जीत बनेगा।

हम उस वक्त नहीं सीखते, जब हालात आसान होते हैं। हम उस वक्त सीखते हैं, जब हम मुश्किल चुनौतियों का सामना करते हैं।

अच्छे दिन और बुरे दिन के बीच का अंतर हमारा रवैया है।

सभी सफलताओं की शुरुआत एक इच्छा से होती है। बड़े सपनों की शुरुआत छोटे से ही होती है।

कभी-कभी सबसे मुश्किल लगने वाला काम ही सबसे जरूरी होता है।

सभी बड़ी सफलताओं को समय की जरूरत होती है।

याद रखें, शेर को शिकार पर जाने के लिए अलार्म घड़ी की जरूरत नहीं पड़ती।

आप कहीं भी नहीं पहुंच सकते, जब तक कि आप अपनी मंजिल तय नहीं करते।

अपने माता पिता के लिए गर्व का कारण बनो, अपने दुश्मनों के लिए ईर्ष्या का और खुद के लिए खुशी का।

ऐसे लोगों से दूरी बनाए रखें जो

आपसे झूठ बोलते हैं।

आप को बेइज्जत करते हैं।

आप को नीचा दिखाते हैं।

आप का इस्तेमाल करते हैं।

समय अनमोल है। इस बात का ख्याल रखें यह अधिक से अधिक आपके द्वारा खुद के लिए बेहतरीन उपयोग किया जाए।

जब आप दृढ़तापूर्वक कोई कार्य शुरु करते हैं, तो दैवीय शक्तियां भी आपकी सहायता करती है।

कभी-कभार लोगों का इलाज उन्हीं की दवाई से किया जा सकता है।

वह करना ज्यादा बेहतर है, जो आपका दिल कहे और दिमाग सोचें।

मैं लड़ लड़ कर थक चुका हूं,  लेकिन मैं ऐसा बनना चाहता हूं कि मेरे लिए भी लड़ा जाए।

मेरी चुप्पी मेरी कमजोरी नहीं है,  बल्कि मेरे द्वारा बदला लेने की शुरुआत है।

केवल उन्हीं लोगों को अपनी जिंदगी में रखें जो आपको सच्चा प्यार करें, आपको ख़ुश रखें। और आपको सदैव प्रोत्साहित करें।

जब परिस्थितियां विपरीत हों, तो इस बात को जरूर सोचें जब भी कोई विमान टेकऑफ करता है, तो वह हवा के विपरीत उड़ रहा होता है ना कि हवा के साथ।

यदि आप कठिन परिस्थितियों में भी सकारात्मक रह सकते हैं, तो आप अवश्य जीत हासिल करेंगे।

अगर यह मुश्किल है, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि आप यह कर नहीं सकते।

अगर आपका जहाज नहीं आया है तो क्यों ना समन्दर को तैर के पार कर लिया जाए। जिंदगी में अंधकार भरे समय से ना घबराओ, यह ईश्वर का यह बतलाने का तरीका है कि रोशनी असल में कहां है।

अगर आप कभी यह सोच रहे हैं, ऐसा कौन सा व्यक्ति है, जो आपकी जिंदगी बदल देगा, तो एक बार दर्पण में जरूर देखिए।

लक्ष्य पैसा नहीं है,  लक्ष्य आजादी है।

हरेक की जिंदगी में एक ऐसा समय जरूर आता है, जब उनके मन की इच्छा पूरी होती है। आपका समय आ चुका है। आप जो चाहते हैं अभी करना शुरू कर दें।

असंभव वह नहीं है, जो किया नहीं जा सकता बल्कि असंभव वह है, जो अब तक किया नहीं गया।

जिंदगी को अभी खुल कर जी लो, क्योंकि अभी इसकी रिहर्सल नहीं चल रही है।

दुनिया में सबसे बेहतरीन अनुभूति होती है, जब आपको उस काम के लिए पैसा अदा किया जाता है, जिस से आप प्यार करते हैं।

मैं ताकतवर हूं, क्योंकि मैं अपनी कमजोरियां जानता हूं।

मैंने जो किया, उसके लिए कभी भी अफसोस नहीं किया बल्कि अफसोस उसके लिए करता हूं, कि जब मौका मिला, तो मैं वह काम ना कर पाया।

जब आप किसी चीज को शिद्दत से चाहते हैं, तो सारी कायनात आपके उसे पाने के लिए मददगार बननी शुरू हो जाती है।

हर किसी को जीने को एक शानदार जिंदगी चाहिए, लेकिन इसके लिए काम कोई नहीं करना चाहता।

बदलाव से डरना नहीं चाहिए, डरना चाहिए तो एक ही जगह खड़े रहने पर।

सब की बात सुननी चाहिए और सब से कुछ न कुछ सीखना चाहिए। क्योंकि कोई भी व्यक्ति सब कुछ तो नहीं जानता, लेकिन हर व्यक्ति कुछ ना कुछ तो जानता ही है।

अपनी जिंदगी से दिखावटी लोगों को बाहर कर दो।

बोलो कम, करो ज्यादा।

आप हमेशा वह तो नहीं पाते, जिसकी अपेक्षा करते हैं।  लेकिन आप वह जरूर पाते हैं, जिसके लिए आप मेहनत करते हैं।

ज्ञान तब तक ताकतवर नहीं है, जब तक कि उसे लागू ना किया जाए।

मैं करता हूं, क्योंकि मैं कर सकता हूं।

मैं कर सकता हूं, क्योंकि मैं करना चाहता हूं।

मैं करना चाहता हूं, क्योंकि तुमने कहा था कि मैं यह नहीं कर सकता।

आपके सपने ही आपकी खुशियों की चाबी हैं। और आपकी सफलता की चाबी है, उन सपनों को साकार करना।

या तो जोखिम उठाओ या फिर अवसर गंवाओ।

इससे पहले कि आप जीत हासिल करें, आपको खुद में यह विश्वास जताना होगा कि आप इसके काबिल हैं।

यदि आप गरीब पैदा हुए हैं तो यह आपका दोष नहीं है। लेकिन यदि आप गरीब मरते हैं तो यह आपका दोष जरूर है।

सबसे बेहतरीन प्रोजेक्ट जिस पर आप काम करते हैं वह है आप स्वयं।

मैं सफल होने जा रहा हूं। आपको यह पसंद है या नहीं है।

अगर आप असफल हुए हैं, इसका मतलब है कि आप कुछ जरूर कर रहे हैं और अगर आप कुछ कर रहे हैं, तो आपके पास सफल होने का अवसर जरूर है ।

मेरे सपने छोटे नहीं हैं, लेकिन आप की सोच ज़रूर है।

बदलाव शुरू में बहुत मुश्किल लगता है, मध्य में खराब लगता है और अंत में बेहद शानदार लगता है।

बीते हुए कल से ज्यादा आज प्रयास करो, ताकि आने वाला बेहतर  कल मिल सके।

आप दर्द महसूस कर रहे हैं, इसका अर्थ है कि आप जीवित हैं।

अगर आप गलतियां कर रहे हैं, तो इसका अर्थ है कि आप इंसान हैं।

जब तक आप कोशिश कर रहे हैं इसका अर्थ है कि      उम्मीद है।

आमदनी के एक ही स्रोत पर निर्भर ना रहें।

आप कहां जाना चाहते हैं उस पर ध्यान केंद्रित करें, ना कि न पहुंचने के डर पर।

मैं खुद पर काम कर रहा हूं, मेरे लिए, मेरे द्वारा।

जिंदगी होती है गहरा असर छोड़ने के लिए,ना कि पैसा कमाने के लिए।.

कभी भी कोई बड़ा काम करने में जल्दबाजी ना करें।  क्योंकि यदि आपको अच्छे परिणाम चाहिए,  तो उसके लिए वक्त लगता है।

मेरा यह तजुर्बा है कि यदि आप अपनी जिंदगी से प्यार करते हैं, तो आपको भी जिंदगी से प्यार मिलता है।

कभी भी सीखना बंद नहीं करना चाहिए। क्योंकि जिंदगी हमेशा आपको कुछ ना कुछ सिखाती रहती है।

आप एक अच्छे इंसान हैं तो आप लोगों को नहीं खोते, बल्कि लोग आप को खोते हैं।

धैर्य का अर्थ इंतजार करना नहीं है इसका अर्थ है कि आप अपना रवैया उस वक्त कैसे रखते हैं, जब आप इंतजार कर रहे होते हैं।

खुद को ऐसे विरले लोगों की श्रेणी में शुमार कर लो, जो यह नहीं जानते कि प्रयास करना कैसे छोड़ा जाता है।

यदि आप खुद को सभी तूफानों से बचाते फिरोगे, तो आप कैसे बड़े बनोगे।

1 दिन ऐसा भी आएगा जब आप के पास इतना वक्त नहीं होगा कि आप वह सब चीजें कर पाओ, जो आप हमेशा से करना चाहते थे। इसलिए आज ही शुरुआत करो, अभी से।

जी हां, मैं खुद को एक नया और बेहतर इंसान बनाने के लिए काम कर रहा हूं।

ऐसे इंसान मत बनो, जो अपनी युवावस्था में कुछ ज्यादा ही व्यस्त था और अपने वृद्ध अवस्था में कुछ ज्यादा ही कमजोर।

जिंदगी का यह कहना है कि मैं तुम्हें खुशियां भी दूंगी,  लेकिन सबसे पहले मैं तुम्हें ताकतवर बनाऊंगी।

जिस समय आप अभी आसानी से सांसे ले रहे हैं, इस वक्त कोई शख्स ऐसा भी है, जो अंतिम सांसे ले रहा है। इसलिए जिंदगी में शिकायतें करना छोड़ें और जो भी आपके पास उपलब्ध है, उस का बेहतरीन इस्तेमाल करना सीखें।

अपने सपनों के साथ कभी भी धोखा मत करना।

कोई इंसान आपके साथ कैसा व्यवहार करता है, इसमें भी कुछ ना कुछ संदेश छिपा होता है। गौर करें।

आपको नई शुरुआत करने के लिए आने वाले कल के इंतजार की जरूरत नहीं है, बल्कि अपनी सोच को बदलने की जरूरत है।

जिंदगी खुद को खोजने का नाम नहीं है, बल्कि खुद की शख्सियत नए सिरे से बनाने का नाम है।

यदि आप इस कमरे में सर्वाधिक चतुर व्यक्ति हैं, तो यह यकीन रखिए कि आप गलत कमरे में हैं।

यदि आपको अपनी जिंदगी संवारनी है, तो सबसे पहले अपनी प्राथमिकताओं बदलें।

आपकी पिछली जिंदगी से वह जिंदगी बहुत अधिक महत्वपूर्ण है, जो आपके सामने हैं।

आप जो कुछ भी सोचते हैं,उस में हर चीज पर यकीन ना करें।

कुछ नहीं बदलोगे, तो कुछ भी बदलाव नहीं आएगा।

ऐसी कोई भी चीज का त्याग मत करना, जिसे जिंदगी में हर दिन आप याद करते हैं।

मैं अपने पुराने मैं की  राख पर खड़ा हूं।

दृढ़ बनो क्योंकि आप नहीं जानते कि आप किन लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

इतने अधिक सकारात्मक बनो कि नकारात्मक लोग आपके आसपास आने की जुर्रत भी ना करें।

आप कभी भी इतना वृद्ध नहीं होते कि नया लक्ष्य ना तय कर पाएं या एक नया सपना ना देख पाए।

यदि कोई व्यक्ति आपको तवज्जो नहीं देता तो कृपया करके उसे दोबारा परेशान ना करें।

कुछ लोग 25 साल की उम्र में ही मर जाते है। लेकिन 75 वर्ष की उम्र में उन्हें दफनाया जाता है।

मैं उस व्यक्ति से नहीं डरता जिसमें 10000 किक का अभ्यास किया है, लेकिन उससे जरूर डरता हूं जिसने एक ही किक का 10,000 बार अभ्यास किया है।

कोई व्यक्ति मर सकता है, राष्ट्र खत्म हो सकते हैं लेकिन एक आईडिया हमेशा जीवित रहता है।

हर व्यक्ति को किसी ना किसी दिन मरना ही है, बेशक। लेकिन, हर व्यक्ति क्या वाकई जिंदगी को असल में जी पाता है।

दयालु बनें। क्योंकि आप जिस किसी से भी मिलते हैं वह व्यक्तिगत तौर पर कोई ना कोई लड़ाई लड़ ही रहा होता है।

कुछ लोग जहां भी जाते हैं, वहां पर खुशियां फैलाते हैं और कुछ लोगों के चले जाने से खुशियां आती हैं।

यदि आप कोई बड़ा जहाज बनाना चाहते हैं, तो अपनी टीम के सदस्यों को यह ना बताएं कि वह लकड़ियां इकट्ठे करके लाएं या कि इस जहाज को कैसे निर्मित करना है बल्कि उन्हे समुद्र की खूबसूरती और उसकी विशालता के बारे में बताएं।

आप जिसे चाहते हैं यदि उसे प्राप्त करने का प्रयास नहीं करेंगे तो आप उसे नहीं पा सकेंगे।

यदि आप कोई प्रश्न नहीं पूछेंगे, तो इसका उत्तर हमेशा ना ही रहेगा।

अगर आप एक कदम भी आगे नहीं बढ़ाएंगे तो आप वहीं के वहीं खड़े रह जाएंगे।

वहां रहिए जहां पर आप सबसे अधिक जीवंत महसूस करते हैं।

जब कोई आपको अपने असली रंग दिखा देता है तो आप इन रंगों से कोई दूसरी तस्वीर बनाने की कोशिश न ही करें।

हम में से हर कोई अंदर से टूटा हुआ है लेकिन मैंने यह देखा है कि क्रेयॉन ( मोम के रंग ) यदि टूटे भी हो तो भी उतना ही बेहतर रंग करते है।

चलो, जिंदगी पर हमला बोल ही दें, क्योंकि इसने हमारी जान तो लेनी ही है।

जिंदगी में कोई भी मौका छोड़ना नहीं चाहिए क्योंकि कुछ चीजें सिर्फ एक बार ही होती है।

मैं आपको अपनी पिछली जिंदगी के बारे में जरूर  बताऊंगा, इसलिए नहीं कि आप मेरे लिए सहानुभूति करें बल्कि इसलिए कि आप जान जाएं कि मैं ऐसा क्यों हूं जैसा मैं अब हूं।

आप में इतना साहस होना चाहिए कि आप अलविदा कह दें। तो फिर जिंदगी आपका एक नई हेलो के साथ स्वागत करेगी।

मैं उन लोगों का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं, जो उस वक्त भी मुस्कुराते हैं, जब वे जिंदगी के बहुत से थपेड़े खा चुके होते हैं।

अगर आप वह नहीं कर रहे, जो आप करना बेहद पसंद करते हैं या जिससे प्यार करते हैं तो आप अपना समय बर्बाद कर रहे हैं।

मैं सारे दिन का काम एक साथ  कर नहीं सकता लेकिन हां, मैं कदम-दर कदम, हर पल, हर सांस काम जारी रखूंगा। आखिरकार मैं एक ही इंसान हूं और चीजों को करने में वक्त तो लगता ही है।

आप अपना बेहतरीन देना बंद ना कर दें। सिर्फ इसलिए कि लोग आपको उसका श्रेय नहीं देंगे।

पूरे दिलों जान से अपना काम करें और किसी से इसके बदले में कोई उम्मीद ना करें तो आपको जीवन में कभी भी निराशा नहीं होगी।

अपने दिमाग पर खुद ही शासन करें, नहीं तो यह आपके ऊपर राज करेगा।

कभी भी इन तीन चीजों को खुद पर नियंत्रण न करने दें। आपकी पिछली जिंदगी, लोग और पैसा।

किसी ना किसी की जिंदगी में हम खलनायक जरूर है।

भेड़ें उसके बारे में क्या सोच रही हैं, इसके बारे में सोचकर शेर अपनी नींद खराब नहीं करता।

खराब परिस्थितियों में भी सकारात्मक बने रहना कोई आसान काम नहीं है, यह काम असाधारण व्यक्ति ही कर सकते हैं।

ध्यान रहे, कोई भी आप को बचाने के लिए आने वाला नहीं है। यह आपकी जिंदगी है और सौ प्रतिशत आप ही की जिम्मेदारी है।

यदि आप कुछ गलती कर देते हैं, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि आप ही एक गलती हैं।

ताकतवर लोग सन्नाटे में ही अपना पसीना बहाते हैं। उनकी प्रगति या उपलब्धियों पर लोग तालियां नहीं  बजाते। वे अपने जख्म दूसरों को नहीं दिखाते और ना ही इसके लिए दूसरों से मदद मांगते हैं। ऐसे लोग चुपचाप अपनी मंजिल तय कर लेते हैं।

यदि आप कुछ सीखना ही नहीं चाहते तो कोई आपको इसके लिए मदद नहीं कर सकता। और यदि आप कुछ सीखना ही चाहते हैं, तो कोई आप को रोक नहीं सकता।

क्योंकि लोग मुझे कहते थे कि मैं कर नहीं सकता , सिर्फ इसीलिए मैंने कर दिखाया।

जो एकांत में भी  प्रसन्न रहता है वह या तो ईश्वर है, या फिर कोई सिरफिरा।

क्यों ना बेहतरीन यादों के साथ मरा जाए, बजाय बड़े सपनों के साथ।

जब तक लड़ो नहीं, तब तक हार नहीं मानो।

सबसे अधिक मजे की बात यह है कि जब आप अकेले में ही खुश रहना सीख लेते हैं, तब लोग आपके साथ आना शुरू कर देते हैं।

इंतजार मत करो, जो करना है,अभी कर लो।क्योंकि किसी भी काम के लिए उचित वक्त कभी नहीं आता।

सबसे कठिन चढ़ाई चढ़ने के बाद ही शानदार नजारा दिखाई देता है।

गुस्से में लिए गए निर्णयों को आप बदल नहीं सकते।

लोग सालों को भूल जाते हैं और पलों को याद रखते हैं।

हम सब लोग खुले हुए दरवाजों के साथ भी पिंजरों में जी रहे हैं।

आपकी जिंदगी में कोई ना कोई व्यक्ति ऐसा जरूर होता है जिसे आपकी परवाह नहीं होती, न ही वह आप का मोल जानता है। आप किसी के लिए भी ऐसे व्यक्ति ना बनें।

हमेशा वह जिंदगी जीने की हिम्मत रखो, जो आप असल में जीना चाहते हैं।

एक चीज साफ-साफ समझ लें कि विश्वास किसी पर भी न करें।

सफलता रातों रात नहीं मिलती। यह बस ऐसा होता है कि आप हर दिन कुछ ना कुछ बेहतर करते रहते हैं। और यह इसमें जुड़ता जाता है।

आप से नफरत करने वाले लोग असल में खुद से नफरत करते हैं। क्योंकि वे वह नहीं बन पाए,जो आप बन चुके हैं।

किसी मनोवैज्ञानिक ने कहा है, आप कितने भी अकेले क्यों ना हो। कितने ही एकांत जिंदगी क्यों ना जी रहे हो, यदि आप अपना काम बेहतरीन तरीके से कर रहे हैं, तो वे लोग भी

आपके साथ जुड़ते चले जाएंगे, जो कभी आपको जानते भी ना थे।

उन लोगों पर अपने शब्दों का प्रयोग व्यर्थ ही ना करें, जो इसकी कीमत नहीं जानते। इससे बेहतर है कि चुप ही रहा जाए। कभी कभी चुप रहना ही सबसे ताकतवर साबित होता है।

जिंदगी में दो चीजों का हमेशा ख्याल रखें। जब अकेले हों, तो अपने विचारों पर गौर करें और जब आप लोगों के साथ हों, तो अपने शब्दों पर।

जिंदगी में सभी तूफान आपको झकझोरने के लिए ही नहीं आते। कभी कभी यह आपके जीवन में फैला कचरा साफ करने के लिए भी आते हैं।

जिंदगी में जब भी आप तरक्की करते हैं, तो आपको अपनी संगति में बदलाव लाना होता है। क्योंकि जरूरी नहीं कि वे सब लोग आपको पहले से अच्छा करते देख खुश होने वाले ही हों।

हर समस्या में कोई न कोई समाधान छिपा होता है।

<u>समय को नष्ट करती हैं ये 7 चीजें</u>

हमेशा टेलीविजन देखना

आप अकेलापन अनुभव करते हैं, सिर्फ इसीलिए किसी रिश्ते में रहना।

बिन मांगे दूसरों की समस्याएं सुलझाते रहना।

सभी के साथ बहस करके खुद को बेहतर बताने की कोशिश करना

निरंतर इस बात के लिए शिकायत करते रहना जो आप भूतकाल में बदल सकते थे।

लगातार कोई ऐसा काम करते रहना जो आपके माता पिता चाहते हैं, लेकिन आप उसे बिल्कुल भी खुश नहीं है।

किसी ऐसे इंसान से प्यार की उम्मीद करते रहना जो वास्तव में आपसे बिल्कुल प्यार नहीं करता।

ये बातें जिंदगी में जितनी जल्दी समझ जाएंगे उतना ही बेहतर

सफलता पाने के लिए आपका रंग ,रूप, ऊंचाई आदि सिर्फ एक प्रतिशत महत्व रखते है, 99 प्रतिशत आपका कड़ी मेहनत करना।

समय घावों को भरता भी है और घाव करता भी है इसलिए कभी भी समय को नष्ट ना करें।

यदि आप किसी को सुधारते हैं, तो आप बेहतर की उम्मीद करते हैं। लेकिन यदि आप किसी को प्रोत्साहित करते हैं तो आप चमत्कार की उम्मीद कर सकते हैं।

हर कोई किसी व्यक्ति की जिंदगी में सूर्य बनकर आना चाहता है, ताकि वह उसकी जिंदगी रोशन कर सके। क्यों न चांद बना जाए,ताकि उसे अंधेरे में भी रोशनी मिलती रहे।

आप जिस वक्त अभ्यास नहीं कर रहे हैं, कोई दूसरा उसी वक्त वैसे ही काम पर मेहनत कर रहा है।

वे 97% लोग जिन्होंने प्रयास करने बीच में ही छोड़ दिए थे वह उन 3 % लोगों के पास नौकरी कर रहे हैं, जिन्होंने प्रयास करने नहीं छोड़े।

जब आप किसी कलाकार की कृति खरीदते हैं तो आप केवल एक उत्पाद नहीं खरीदते। आप सैकड़ों घंटों की गलतियां और प्रयोग खरीदते हैं। आप कई सालों की निराशा और आनंद के पल खरीदते हैं।

आप केवल एक उत्पाद ही नहीं खरीदते,

आप उनके दिल का एक टुकड़ा खरीदते हैं।

आप उनकी आत्मा का एक टुकड़ा खरीदते हैं आप उनकी जिंदगी का एक हिस्सा खरीदते हैं।

कुछ भी गलत नहीं हुआ है। प्रकृति की प्रक्रिया पर भरोसा रखो।

या तो आप जो भी काम कर रहे हैं, उसे पूरे जुनून के साथ कीजिए या फिर ना ही कीजिए तो बेहतर।

जितना आप 1 दिन में कर सकते हैं उससे कुछ ज्यादा रोजाना जरूर करें।

जब मुसलाधार बारिश हो रही हो, तो उस वक्त इंद्रधनुष को तलाशें और जब अंधेरी रात हो, तो चांदनी।

जब आप बोलते हैं ,तो आप वह सब कुछ दोहराते हैं जो आप सीख चुके हैं।
लेकिन जब आप गौर से सुनते हैं, तो आप कुछ ना कुछ नया सीखते हैं।

आपकी पिछली गलती ही आपका गुरु है।

केवल उन्हीं लोगों के साथ रहिए, जिनके साथ आप जिंदगी को जश्न की तरह मना सकें। ना की सहन करने वाली जिंदगी जिएं। यदि वे आपका असली मोल नहीं जान पा रहे हैं तो एक नई शुरुआत करने में वक्त ना लगाएं।

हर चीज को समझने की कोशिश मत कीजिए। क्योंकि कुछ चीजें केवल स्वीकार करने के लिए ही बनी होती हैं, समझने के लिए नहीं।

केवल प्रसिद्धि के लिए दिखावा करना मूर्खों का तरीका है।

अधिकतर उद्यमियों को काफी लंबे समय तक गलत ही समझा जाता है।

सफल होने के लिए यह बहुत जरूरी है कि आपको अपने काम के लिए इतना जुनून हो कि लोग आपको सिरफिरा समझे।

दूसरों की जलती हुई मोमबत्ती बुझाने से आपकी मोमबत्ती की रोशनी कभी नहीं बढ़ती।

आपको जिंदगी में किसी दूसरे व्यक्ति की जरूरत नहीं है कि वह आप को पूर्णता दे। बल्कि जरूरत इसकी है कि वह आपको पूर्ण रुप से समझे।

ऐसा कोई भी नियम नहीं बना, जो यह कहे कि आपको दूसरे लोगों की तरह  ही जिंदगी जीनी है।

कुछ चीजें ऐसी होती हैं , जो पैसे से नहीं खरीदी जा सकती । शिष्टाचार, प्यार,प्रतिबद्धता, नैतिकता ,चरित्र, विश्वास ,धैर्य, कामन सेंस, इज्जत और जीने का ख़ास अंदाज।

वृद्ध होना तो अनिवार्य है, लेकिन समझदार बनना आपके ऊपर निर्भर करता है।

मैं धीरे चलना पसंद करूंगा, बजाए पीछे की ओर चलने के।

जो लोग आप की चुप्पी को नहीं समझ सकते, उनसे आपके शब्दों को समझने की उम्मीद लगाना बेकार है।

जब हम सब कुछ खो चुके होते हैं, उस वक्त हम कुछ भी करने को आजाद होते हैं।

गलती भूल जाइए। लेकिन उससे मिला हुआ सबक जरूर याद रखें।

आप जो कर सकते हैं, उससे आप को ताकत नहीं मिलती, ताकत उन चीजों को करने से मिलती है जो आप किसी वक्त सोचते थे, कि आप करने में समर्थ नहीं है।

जिंदगी में 3 शौक पालने  बहुत जरूरी है

पैसा कमाना

रचनात्मक होना

और स्वस्थ रहने के लिए व्यायाम करना।

<u>मानसिक सुदृढ़ता कैसे पाई जाए</u>

अकेले रहने से ना डरें।

पिछली बातों को याद न करें

सारी दुनिया की जिम्मेदारी आप पर नहीं है, यह समझें।

परिणामों के जल्दी आने की उम्मीद ना करें।

सभी को खुश रखने की कोशिश ना करें

खुद को बेचारा न समझे।

उन चीजों पर वक्त जाया ना करें,  जो आपके नियंत्रण में नहीं है।

दूसरों को अपनी भावनाओं के साथ खिलवाड़ ना करने दें।

दूसरे लोगों की सफलता पर जलन का अनुभव ना करें।

जिम्मेदारियों से ना भागें।

एक बार कोशिश में असफलता मिलने पर प्रयास करना ना छोड़ें।

हमेशा नपे तुले जोखिम उठाने की कोशिश करें।

अपने सपनों का पीछा करें ना कि लोगों का।

खुद से प्यार करना सीखें उसके बाद सब ठीक होता चला जाएगा।

आप जितना सोचते हैं, आप उससे कहीं ज्यादा काबिल हैं।

जब तक कोई काम हो नहीं जाता वह असंभव ही लगता है।

जिस चीज की कीमत होती है वह आसानी से हासिल नहीं होती।

आप की एकमात्र सीमा आप खुद ही हैं।

किसी चीज का इंतजार ना करें, क्योंकि जीवन की गति बहुत ही तेज है।

भौतिक सुखों से आप खुशी हासिल कर लें, यह जरूरी नहीं है।

आपको अपने उत्पादों के लिए उपभोक्ताओं को ढूंढने की जरूरत नहीं है, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद ढूंढने की जरूरत है।

बेचना बंद कीजिए और लोगों की सहायता करना आरंभ कीजिए। व्यवसाय असल में यहीं से शुरू होता है।

अगर लोग आपको पसंद करते हैं, तो वह आपको गौर से सुनेंगे लेकिन यदि लोग आप पर विश्वास करते हैं, तो वे आपके साथ बिजनेस करेंगे।

लोगों को उत्पाद न बेचें, बल्कि एक शानदार अनुभव प्रदान करें।

लोगों को आपके बिजनेस की फिक्र नहीं है, उन्हें अपनी समस्याओं की चिंता है और आप उन्हें उनका समाधान प्रदान कीजिए जिसे वे खोज रहे हैं।

सफल लोग हमेशा दूसरों को प्रोत्साहित करते हैं और उनकी मदद करते हैं। असफल लोग दूसरों से ईर्ष्या करते हैं, उनका अपमान करते हैं और हमेशा शिकायतें करते रहते हैं।

एक शांत समुद्र में जहाज चला कर कोई कुशल नाविक नहीं बना।

आप अगले 5 साल में कहां होगे, यह उस पर निर्भर करता है कि आज आप क्या कर रहे हैं।

पूरी सीढ़ियों को देखने की जरूरत नहीं है, आप बस पहला कदम उठाइए।

किसी भी व्यक्ति को दोबारा अपना समय बर्बाद करने का मौका न दो।

वह गुफा जिसमें आप प्रवेश करने से डरते हैं उसी में तो खजाना रखा है।

इन तीन चीजों का राज हमेशा बनाए रखें

आपकी आय

प्रेम संबंध

और आपका अगला कदम।

मैं किसी दूसरे के लिए रोजाना 8 घंटे काम करने के बजाय खुद के लिए रोजाना 16 घंटे काम करना पसंद करूंगा।

अगर आप कोई जोखिम नहीं उठाते तो आप सबसे बड़ा जोखिम उठा रहे हैं।

जब आप टूटते हैं उसी दिन आप कुछ बनते हैं।

अपने लक्ष्य को छोटा करने की जरूरत नहीं है अपने प्रयासों को बड़ा करने की है।

जब आपका काम बोलता है तो आप उस में दखलअंदाजी ना करें।

आपका उद्देश्य पैसा कमाना नहीं होना चाहिए बल्कि अपनी शर्तों पर जिंदगी जीना होना चाहिए।

होशियार लोगों को नौकरी पर रखकर उन्हें काम नहीं बताया जाता बल्कि होशियार लोगों को इसलिए काम पर रखा जाता है ताकि वे हमें बताएं कि काम को किस तरीके से किया जाए।

जो भी कुछ आप कर रहे हैं यदि उसके बारे में जानकारी नहीं रखते तो आप जोखिम उठा रहे हैं।

मैं हार्वर्ड में शिक्षा प्राप्त नहीं हूं लेकिन मैं ऐसे लोगों को जो जरूर नौकरी दूंगा, जिन्होंने हार्वर्ड में शिक्षा प्राप्त की है।

आपका लक्ष्य ऐसा होना चाहिए, जो आपको थोड़ा डराए लेकिन उससे भी ज्यादा आपको रोमांचित रखें।

अनुभव कहता है,यह जोखिम भरा है।

तर्क कहता है, यह उचित नहीं है

लेकिन हमारी महत्वकांक्षा कहती है एक बार कोशिश तो कीजिए।

एक दिन सुबह के 5:00 बजे आपको एक महान नायक बनाएंगे।

पुराने घिसे-पिटे तरीकों से नए अवसर पैदा नहीं होते।

पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आप वैसे भी अब उन रास्तों पर नहीं चलेंगे।

आप, आपकी जानकारी में जो भी सबसे अधिक मेहनती इंसान है, बिल्कुल वैसा ही बनने की कोशिश करें।

कौशल सस्ता है लेकिन काम के लिए जुनून अनमोल है।

जब तक आप नहीं उंचाइयों को नहीं छूना चाहोगे, तब तक आपको अपनी सीमाओं का पता नहीं लगेगा।

जब आप अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने के बजाए अपने लक्ष्य पर काम करने को तरजीह देते हैं ।

1% क्लब में आपका स्वागत है।

करना आपको उन लोगों के लिए है, जो आपको असफल होते देखना चाहते हैं।

रईस होने के लिए आपको कुछ ऐसा करना होगा कि जब सब सो रहे हों, तब भी आप पैसा कमा रहे हो।

दिखावटी लोगों को अपनी इमेज को बरकरार रखने पर मेहनत करनी पड़ती है। सच्चे लोगों को इसकी परवाह नहीं होती।

आप अपनी मंजिल को हासिल करने के लिए इतना अधिक काम करो कि आप अपना फोन चेक करना भी भूल जाओ।

बहानेबाजी से कभी भी साम्राज्य खड़े नहीं होते।

जो अकेले उड़ते हैं, उनके पंखों में सबसे ज्यादा ताकत होती है।

गर्व कहता है, यह असंभव है।

---

**Copyright & Disclaimer**

Copyright:

No part of this Book may be reproduced or transmitted in any form or by any means, electronic or mechanical, including photocopying, recording or by any information storage and retrieval system, without written permission from the author.

The information provided within this Book is for general informational purposes only. While we try to keep the information up-to-date and correct, there are no representations or warranties, express or implied, about the completeness, accuracy, reliability, suitability or availability with respect to the information, products, services, or related graphics contained in this Book for any purpose. Any use of this information is at your own risk. The methods describe within this Book are the author's personal thoughts.They are not intended to be a definitive set of instructions for this project. You may discover there are other methods and materials to accomplish the same end result. All rights reserved. No part of the book may be reproduced or copied in any form or by any means [graphic, electronic or mechanical, including photocopying, recording, taping or information retrieval systems] or reproduced on any disc, tape, perforated media or other information storage device, etc., without the explicit written permission of the editor.

Breach of the condition is liable for legal action. The information contained within this Book is strictly for educational purposes. If you wish to apply ideas contained in this eBook, you are taking full responsibility for your actions. The author has made every effort to ensure the accuracy of the information within this book was correct at time of publication. The

author does not assume and hereby disclaims any liability to any party for any loss, damage, or disruption caused by errors or omissions, whether such errors or omissions result from accident, negligence, or any other cause.

Copyright and Trademarks

Unless otherwise stated, copyright and all intellectual property rights in all material presented on the book (including but not limited to text, audio, video or graphical images), trademarks and logos appearing on this are the property of Raghuvender Raman Arora, and are protected under applicable Indian laws. You agree not to use any framing techniques to enclose any trademark or logo or other proprietary information of Raghuvender Raman Arora, or remove, conceal or obliterate any copyright or other proprietary notice or any credit-line or date-line on other mark or source identifier included on the book, including without limitation, the size, color, location or style of all proprietary marks. Any infringement shall be vigorously defended and pursued to the fullest extent permitted by.

Disclaimer: Though every effort has been made to avoid errors or omissions in this book, errors might creep in. Any mistake, error or discrepancy noted by the readers may be brought to the notice of the editor along with evidence of it being incorrect. All such errors shall be corrected at the earliest preferably. It is notified that the editor of the book, in any manner shall not be responsible for any damage or loss of action to anyone, of any kind, in any manner, therefrom. It is suggested that to avoid any doubt, the reader should cross-check all the facts, law and contents of the publication with other available resources.. The views expressed in the book are the personal views of the authors.

All disputes are subject to the jurisdiction of Jaipur only and jurisdiction is liable to change without any prior notice.